श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 279, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 05 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग

हं क्षं

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

दिल्ली में हवा दमघोंटू

5वीं तक स्कूल बंद, ट्रकों की एंट्री बैन

नई दिल्लीः दिल्ली में दिवाली के बाद से प्रदुषण का स्तर बढ़ रहा है। वहीं, नवंबर की शुरूआत से ही घना कोहरा छाया हुआ है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। दिल्ली में सांस लेना मुश्किल हो गया है। शुक्रवार सुबह एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 472 तक पहुंच गया। पूरी दिल्ली में घना कोहरा छाया हुआ है। एक्यूआई हवा की क्वालिटी मापने का पैमाना है, 450 से ऊपर होने पर इसे बेहद गंभीर माना जाता है यानी फेफड़ों के लिए खतरनाक। बढ़ते प्रदूषण के कारण नोएडा प्रशासन ने शुक्रवार से 8वीं तक के बच्चों की क्लासेस ऑनलाइन लेने का फैसला किया है। वहीं, दिल्ली में शनिवार से प्राइमरी स्कूल बंद रहेंगे। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस मामले पर 10 नवंबर को सुनवाई होगी। हवा खराब होने कारण दिल्ली में ग्रैप की चौथी स्टेज लागू हो गई है। इसके तहत एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमिशन ने दिल्ली-एनसीआर में डीजल से चलने वाले वाहनों पर रोक लगा दी है। हालांकि, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों पर कोई बैन नहीं है

आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति जारी

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को ह्यधन्यवादह्व कहा है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरे पोते के लिए ही नहीं, हमें दिल्ली के प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर इस जहरीले प्रदूषण से शीघ्र निजात दिलाने के लिए स्थाई कदम उठाने होंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में प्रदूषण लागातर बढ़ रहा है। इसके चलते लोगों को कई तरह की परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली में एक्यूआई 450 से अधिक है जिसे हानिकारक की श्रेणी में रखा गया है। वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर और भयावह बन चुके हालात को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सुबह प्रेसवार्ता की थी।

दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार- दिल्ली के आंनद विहार में अदक473, मुंडका में एक्यूआई 476, वजीरपुर में एक्यूआई 475, नरेला में एक्यूआई 477, जहांगीरपुरी में एक्यूआई 485, रोहिणी में एक्यूआई 474, विवेक विहार में एक्यूआई 475, नजफगढ़ में एक्यूआई 481, इंडिया गेट पर एक्यूआई 448, आईजीआई एयरपोर्ट पर एक्यूआई 453, अशोक विहार में एक्यूआई 471, सोनिया विहार में एक्यूआई 473, अलीपुर में एक्यूआई 476,

दिल्ली सरकार जल्द लागू कर सकती है ऑड-इवन फार्मूला

कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) की चौथी स्टेज लागू कर दी गई है। दिल्ली में प्राइमरी स्कूल शनिवार से बंद रहेंगे और 5वीं से ऊपर की क्लास की आउटडोर एक्टिविटी बंद रहेगी। सेंट्रल पैनल एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन ने डीजल के चार पहिया वाहनों, ट्रकों की एंट्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। कमर्शियल निर्माण कार्यों पर रोक लगाई गई है।हाईवे, फ्लाईओवर, पावर ट्रांसमिशन, ओवरब्रिज और पाइपलाइन के निर्माण बंद कर दिए गए हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रशासन की ओर से शुक्रवार से कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों की क्लासेस ऑनलाइन लेने का फैसला किया है।

हम 5-जी में आ गए, कांग्रेस 2-जी में करती थी घोटालाः सीएम योगी

कांगड़ा/बिलासपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा (ज्वालामुखी व घुमारवीं) में धुआंधार चुनावी रैली कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की। योगी ने विकास, आस्था व काम की बदौलत जनसमर्थन मांगा तो स्थानीय लोगों ने भी जय श्रीराम के नारे लगाकर उनके विश्वास पर अपनी मुहर लगाई। तीनों रैलियों में मुख्यमंत्री ने न सिर्फ आमजन से संवाद किया, बल्कि कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहाकि जो 55 साल में कुछ नहीं कर पाए, उनसे अब उम्मीद न कीजिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कांगड़ा जिले के ज्वाला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी संजय गुलेरिया के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यूपी में आस्था के सभी स्थल नई आभा के साथ वैश्विक मानचित्र पर छा रहे हैं। सावन मास में काशी और देव दीपावली व इस महीने अयोध्या में 1-1 करोड़ श्रद्धालु आए।

एक तरफ आस्था का सम्मान, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास तो दूसरी तरफ माफिया के खिलाफ उत्तर प्रदेश में हम लोग धड़-पकड़ तथा गोली मार अभियान चलाते हैं। इसलिए ऐसा न हो कि कोई कमजोर सरकार आ जाए और वहां के माफिया चोरी-छिपे दुम दबाकर यहां छिप जाएं। यहां के शांति क्षेत्र देवभूमि को कलंकित करने का कार्य करें। कांग्रेस का हाथ, माफिया के साथ रहा है, इसलिए आप सभी से यह अपील करने आया हूं कि हमें विकास व राष्ट्रवाद के मुद्दे पर बिना रुके-झुके, बिना किसी परवाह के काम करने वाली सरकार चाहिए, वह भाजपा देगी।

बाबा गोरखनाथ की भूमि से आपको नमन करने आया हूंः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्वालामुखी के लोगों से खुद को जोड़ा। यहां भाजपा प्र?ाशी रविंद्र सिंह रवि के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, लीलाधारी श्रीकृष्ण, बाबा विश्वनाथ, कुंभनगरी व बाबा गोरक्षनाथ की पावन धरा से आपको नमन करने आया हूं। मां ज्वालामुखी का दर्शन करने का सौभाग्य कई बार मिला।

दिल्ली में एमसीडी चुनाव का ऐलान

4 दिसंबर को होगा मतदान, 7 दिसंबर को आएगा रिजल्ट; आधी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित

नई दिल्लीः दिल्ली चुनाव आयुक्त विजय देव ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव का ऐलान कर दिया है। 7 से 14 नवंबर तक नामांकन होंगे। 4 दिसंबर को वोटिंग होगी, जबकि 7 दिसंबर को काउंटिंग होगी। दिल्ली नगर निगम में 250 सीटें हैं, इनमें अनुसूचित जाति के लिए 42 सीटें रिजर्व हैं। महिलाओं के लिए 50 फीसदी सीटें रिजर्व होंगी। दिल्ली नगर निगम के वार्डों के परिसीमन के बाद केंद्र सरकार ने 18 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी किया था।

चुनाव के लिए 50 हजार से ज्यादा ईवीएम होंगीः दिल्ली के सभी 250 वार्ड में ईवीएम से वोट डाले जाएंगे। इसके लिए 50 हजार से ज्यादा ईवीएम रखी गई हैं। वोटर की सुविधा के लिए चुनाव में एक लाख से ज्यादा कर्मचारियों की तैनाती होगी। चुनाव में 250 अफ्ह, 2 हजार सेक्टर मजिस्ट्रेट होंगे। 68 जनरल ऑब्जर्वर तैनात होंगे।

दिल्ली में आचार संहिता लागूः दिल्ली में आचार संहिता लागू हो गई है। अब मॉडल बुक ऑफ कंडक्ट की एक बुकलेट जारी की जाएगी। लाउडस्पीकर के उपयोग पर पर रोक रहेगी। लाउडस्पीकर का यूज करने के लिए परमिशन लेनी होगी। परमीशन लेने के बाद भी रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर नहीं बजा सकेंगे। दिल्ली में अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स और पोस्टर्स के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। उम्मीदवारों के नामांकन 68 स्थानों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होंगे। एक कैंडिडेट चुनाव प्रचार में 8 लाख रुपए तक खर्च कर सकता है। पिछले चुनाव में खर्च सीमा 5.75 लाख रुपए थी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दिल्ली नगर निगम में चुनाव में जीतना तय है।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में प्रवासी मजदूरों पर हमला, हालत गंभीर

श्रीनगरः जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने एक बार फिर प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाया है। अनंतनाग जिले के बोंदियालगाम में आतंकियों ने दो प्रवासी मजदूरों पर गोलियां चलाईं। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया।

बिहार और नेपाल के रहने वाले हैं मजदूरः कश्मीर जोन पुलिस ने बताया दोनों मजदूर एक प्राइवेट स्कूल में काम कर रहे थे। इसी दौरान आतंकियों ने उन पर हमला कर दिया। मजदूर बिहार और नेपाल के रहने वाले हैं। वे बोंडियालगाम के एसएपीएस स्कूल में काम करते हैं। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है।इस हमले से पहले गुरुवार को ही सेना के जवानों ने पुंछ सेक्टर में आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी।

दिल्ली के राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 16 साल की लड़की से दुष्कर्म

नई दिल्ली। शाहदरा जिला के राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में एक 16 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित अस्पताल में चपरासी है और कॉन्ट्रैक्ट पर काम करता था। पुलिस के मुताबिक आरोपित की पहचान दीपक (25) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 16 साल की नाबालिग के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में कार्यरत चपरासी दीपक ने अस्पताल में बुलाकर नाबालिग के साथ कमरा नंबर 117 में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

बसपा के जुलूस में लगे पाक जिन्दाबाद के नारे

आजमगढ़। जिले में बहुजन समाज पार्टी(बसपा) के कुछ पदाधिकारियों ने गलियों में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए इसकी सच्चाई परखने के लिए छानबीन में जुट गई है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में भी लिया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी की मासिक बैठक आयोजित थी, जिसमें नगर पंचायत चुनाव पर चर्चा हुई। इस बैठक में काफी संख्या में बसपा पार्टी के कार्यकर्ता व नेता शामिल थे। इस बैठक में नई बनी नगर पंचायत जहानागंज के चेयरमैन पद के प्रत्याशी पप्पू खान अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पहुंचे थे। बैठक समाप्त होने पर चेयरमैन पद के प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ कस्बे की गलियों से गुजर रहे थे। आगे-आगे नेता जी चल रहे थे तो वहीं पीछे पार्टी का झंडा लिए समर्थक नारेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। जिसका वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ है।

पंजाब में हिंदू नेता की हत्याःअमृतसर में मंदिर के बाहर 2 गोलियां मारी गई

अमृतसरः पंजाब के अमृतसर में शुक्रवार को हिंदू नेता सुधीर सूरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अमृतसर पुलिस के मुताबिक गोली मारने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उससे हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है। हत्या क्यों की गई, इस बारे में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। तनाव को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सूरी शिवसेना हिंदुस्तान के नेता थे। जिस समय

यह घटना हुई, वह मूर्तियों की बेअदबी के खिलाफ गोपाल मंदिर के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। उनके साथ उनके समर्थक भी मौजूद थे। तभी अचानक उन पर फायरिंग की गई। घायल अवस्था में उन्हें प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सुधीर सूरी खालिस्तान समर्थकों के टारगेट पर थे। कुछ समय पहले भी उनकी हत्या की साजिश का खुलासा हुआ था, जो विदेश बैठे खालिस्तान समर्थकों ने रची थी।

गोलियां छत से चली या सीधी, इसकी जांच हो रहीः जानकारी के अनुसार, सुधीर सूरी गोपाल मंदिर के बाहर धार्मिक मूर्तियों की बेअदबी को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

गुजरात में आप के सीएम कैंडिडेट ईशुदान गढ़वी

गांधीनगरः गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री कैंडिडेट ईशुदान गढ़वी होंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से राय मांगी थी कि आपका सबसे लोकप्रिय आप नेता कौन है। इस सर्वे के आधार पर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री कैंडिडेट के लिए गढ़वी को चुना। गढ़वी गुजराती पत्रकार हैं।

73% लोगों ने गढ़वी को लोकप्रिय नेता चुनाः केजरीवाल ने वेबसाइट, ईमेल, मोबाइल एप्लिकेशन, संदेश और वॉट्सऐप के माध्यम से लोगों से सुझाव मांगे थे। 16 लाख 48 हजार 500 लोगों ने अपने लोकप्रिय नेता के बारे में जवाब दिया। 73% लोगों ने इशुदान गढ़वी को चुना। वहीं, 30% लोगों ने गोपाल इटालिया के फेवर में मतदान किया था। पंजाब में भी इसी तरह सर्वे के बाद आप के सीएम उम्मीदवार के रूप में भगवंत मान के नाम की घोषणा की गई थी। आम आदमी पार्टी ने आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए अपने 22 उम्मीदवारों की अपनी आठवीं सूची जारी की है। इस लिस्ट के जारी होने के बाद घोषित उम्मीदवारों की संख्या 108 हो गई है।

मोदी के दौरे के खिलाफ किसानों का मोर्चा

अमृतसरः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 नवंबर को हिमाचल दौरे पर हैं, लेकिन इससे पहले वह पंजाब में अमृतसर के ब्यास स्थित राधा स्वामी डेरे पर पहुंचेंगे। यह एक राजनीतिक दौरा हो सकता है, लेकिन उनके ब्यास पहुंचने से पहले किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। किसानों ने डेरा मुखी से भी उन्हें न मिलने का अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री शनिवार को हिमाचल पहुंच रहे हैं। हिमाचल में भी राधा स्वामी डेरा समर्थकों की गिनती काफी अधिक है। जिसे देखते हुए वह डेरा ब्यास पहुंच रहे हैं और डेरा मुखी से मुलाकात भी करेंगे, लेकिन किसान इसका विरोध करने का मन बना चुके हैं।

किसानों ने घोषणा कर दी है कि वे पूरे पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले फूंकेंगे।

डेरा-धार्मिक संस्थानों के मुखियों को न मिलने की अपीलः किसानों ने इस प्रदर्शन को करने के साथ-साथ पंजाब के डेरा व धार्मिक संस्थानों के मुखियों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री से न मिलें। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री किसानों व मजदूरों के पक्ष में नहीं है। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लखीमपुर खीरी में गृह मंत्री के बेटे को बचाने के लिए किए प्रयास किया।

दिल्ली में मरने वाले किसानों को अभी तक इंसाफ नहीं मिला है। जो भी वादे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किए थे, वे पूरे नहीं हुए हैं। जब भी प्रधानमंत्री पंजाब आएंगे, उनका विरोध किया जाएगा।

तमिल समागम की तैयारियों को केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने परखा, दिया निर्देश

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 17 नवम्बर से तमिल समागम का आयोजन किया गया है। पूरे एक माह चलने वाले तमिल समागम तमिलनाडु के 38 जिलों के करीब 03 हजार लोग भाग लेंगे। 17 नवम्बर से शुरू होकर 18 दिसम्बर तक चलने वाले तमिल समागम में आने वाले मेहमान काशी पुराधिपति की नगरी के साथ राम की नगरी अयोध्या और संगम नगरी प्रयाग में भी भ्रमण करेंगे। तमिल समागम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए काशी दौरे पर आये केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान शुक्रवार को बड़ालालपुर स्थित पं.दीन दयाल हस्तकला संकुल (ट्रेड फैसिलिटी सेंटर) में पहुंचे। केन्द्रीय मंत्री ने तमिल समागम कार्यक्रम को लेकर टीएफसी सेंटर का निरीक्षण करने के बाद मंडलायुक्त व जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा से तैयारियों के बाबत जानकारी ली। इस दौरान भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, महापौर मृदुला जायसवाल, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष विद्या सागर राय आदि भी मौजूद रहे।

पंचायतों की समस्याओं का निदान सरकार से कराएंगे: राजमणि कोल

विकास कार्य के लिए सदस्यों,प्रधानों ने दिए प्रस्ताव,कई ने निकाली अपनी अपनी भंडासे

अखंड भारत संदेश

कोरांव/प्रयागराज। क्षेत्र पंचायत कोरांव की बैठक पूर्व में जारी एजेंडानुसार इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार कोल ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा कोरांव विधायक राजमणि कोल ने बैठक की हौंसला अफजाई की। बैठक में ब्लॉक के बीडीओ / सचिव मुकेश कुमार ने सदन में आय ब्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत कराया और सदन में सदस्यों के विकास संबंधित प्रस्ताव प्राप्त किया। मुख्य अतिथि विधायक ने सदन में उठी मांगों,समस्याओं को विधिवत सुना,और पंचायत प्रतिनिधियों की उनके अधिकार और कर्तव्य के हनन शोषण उत्पीड़न तथा गांवों के विकास में आ रही निधि में पर्याप्त धन न होने से जनता से किए गए निर्वाचित ब्लॉक के सदस्य,प्रधान विकास न करा पाने जैसी समस्याओं के लिए प्रधान संगठन से सुझाव मांग पत्र ले कर विधान सभा में और सरकार से समस्या समाधान कराने का आश्वासन दिया।

विधायक ने कहा कि मेरी सरकार क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ को सदस्यों और प्रधानों के हितार्थ और सम्मान के लिए कुछ सुझाव भी दिए। और लोगों से सदन में मांग पत्रों को समुचित ढंग से निदान कराने की तसल्ली दी। और पंचायतों के प्रतिनिधियों को सरकारी विभागों के अधिकारियों कर्मियों द्वारा यथोचित सम्मान न किए जाने उनके प्रत्यावेदनों पर ध्यान न देने उत्पीडन किए जाने आदि शिकायतों को अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल के मंत्री ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे और प्रांतीय संगठन मंत्री दिलीप कुमार सोनी प्रधान उल्दा तथा प्रधान प्रतिनिधि भलुहा राजू सिंह आदि के सुझावों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों और सासन को पत्र लिख कर निदान कराने की घोषणा भी की। विधायक ने खासतौर से बिजली विभाग के अफसरों के रवैए पर नाराजगी जताई। कहा की कोई भी ग्राम प्रधान या बीसीसी सदस्य आम जन बिजली संबंधित समस्या की सूचना दें तो उनके फोन को जरूर उठाएं। अन्यथा यह स्थिति बर्दाश्त नहीं होगी। और ब्लॉक कोराव में मीटिंग हाल निर्माण के लिए 11 लाख रुपए विधायक निधि से दे दिए जानें की बात को बीडीओ मुकेश कुमार सिंह के जरिए सदन में जानकारी दी।

ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने विधायक और सदन में उपस्थित सभी बीडीसी मेंबरों और ग्राम प्रधानों जिला पंचायत सदस्यों का पत्रकारों अधिकारियों का स्वागत किया। तथा विकास कार्यों के लिए प्रस्तुत कार्य योजनाओं प्रस्तावों को वरीयता के अनुसार क्रियान्वयन किए जाने का भरोसा दिलाया। और कहा कि सभी क्षेत्रों में विकास कार्य किए जायेंगें,कोई भी इस बार से भेद भाव नहीं होगा। ब्लॉक के अफसरों द्वारा भी प्रमुख और विधायक का बुकेज दे कर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। सदन में भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य ओंकार नाथ केसरी,पिंटू चौबे,राजेश पटेल भी उपस्थित रहे। विकास खंड के सभी विभाग के अधिकारी या उनके प्रतिनिधि भी अपने अपने विभाग की जान कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी सदन को दी और आमने सामने सवाल जवाब हुए। कार्यक्रम में विधायक के पीआरओ रामाश्रय शुक्ला भी थे।संचालन बबलू सिंह कवि ने किया।

किशोरी को नशीला पदार्थ खिला कर अपहरण कर लिया गया

मऊआइमा। एक किशोरी को नशीला पदार्थ खिला कर चार लोगों ने अपहरण कर लिया। परिजनों का आरोप है कि डेढ लाख रुपये और सोने चांदी के जेवरात भी घर से गायब है।यही नहीं विभिन्न फोन नम्बरों से धमकी भी दी जा रही है। किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में तीन को नामजद करते हुए मोबाइल फोन धारकों नाम अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी नाबालिग लड़की को 14 नवम्बर को सोते समय नशीला पदार्थ खिला कर अपहरण कर लिया गया सुबह उक्त घटना की जानकारी हुई। घर से जेवर और डेढ लाख रुपये नगदी भी गायब है। लोकलाज के भय से मुकदमा नहीं लिखाया था। अथक के बाद जब पता चला तो उसने ज्ञानचन्द्र पुत्र अक्षयवर सिंह और अक्षयवर सिंह ,कंचन देवी ,छह अलग अलग मोबाइल धारकों जिनसे बराबर धमकी दी जा रही है नाम अज्ञात निवासीगण भवानापुर बहरिया के खिसक मुकदमा दर्ज करा दी है। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि उसकी पुत्री की कहीं हत्या कर जेवरात और डेढ लाख रुपये लूट लेने की आशंका जताई है । फिलहाल मऊआइमा पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है ।

दीपों से जगमग हुई सीता रसोई : वन गमन के समय भगवान राम ने किया था रात्रि विश्राम ,माता सीता ने यहीं बनाया था भोजन

अखंड भारत संदेश

लालपुर। क्षेत्र के मदुरी गांव की पहाड़ी पर सैकड़ो वर्ष पुरानी सीता रसोइया है।जहां पर वन गमन के समय चित्रकूट जाते समय भगवान राम अनुज लक्ष्मण सीता माता के साथ यहां रात्रि विश्राम किए थे।

वहां आज पहली बार वरिष्ठ समाज सेवी व भाजपा नेता दिनेश तिवारी व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय ने आज सीता रसोई सहित आस पास के स्थानों को एक सौ ग्यारह दीपक जलाकर रोशन किया।इस मौके पर प्रधान लालापुर शंकरलाल पांडेय,प्रधान प्रतिनिधी चकसूचकेर राजू पांडेय,वरिष्ठ समाज सेवी गोविंद पांडेय,वरिष्ठ अधिवक्ता व पत्रकार आशीष मिश्र ,होरी लाल केसरवानी,शेष मणि दिवेदी,राजू पांडेय अमर सिंह,अजय सिंह डेराबारी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत धरवारा में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु कीटनाशक दवाइयों कि फागिंग कराई गई

करछना। मौसम के बदलते मिजाज व तेजी से फैल रही संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी की ओर से गांव में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव सहित फागिंग कराए जाने का फरमान जारी हुआ है। जिसमें ब्लांक करछना के ग्राम पंचायत धरवारा में बी डी ओ करछना देव कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को ग्राम सभा की ओर से कीटनाशक दवाओं के साथ मशीन से गांव में फागिंग की गई। धरवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बीरू सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत धरवारा के धरवारा गांव समेत सभी 12 मजरों में छिड़काव बी डी ओ करछना देव कुमार के निर्देशन में कराया गया।

भाजपा महिला मोर्चा का जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

सहसों। छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा गंगापार का जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यशाला आयोजन का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन करके पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय मंत्री वंदना सिंह ने उन्हें शत-शत नमन किया। तत्पश्चात वंदे मातरम गीत गाया गया और जिला प्रशिक्षण कार्यशाला को 4 सत्र में चलाया गया । पहले सत्र की मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने महिला कार्यकताओं के समक्ष राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन की चुनौतियों के विषय पर अपने विचार को रहते हुए संबोधित किया।

दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने राष्ट्र निर्माण में निष्ठा भाव से महिलाओं को योगदान के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए महिला कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया तथा आगे की रणनीति बताई। तीसरे सत्र में नवनियुक्त विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान ने भाजपा पार्टी संगठनात्मक निर्णय एवं नियम, अनुशासन, अनुपालन के बारे में इस प्रशिक्षण वर्ग में बताया। चौथे सत्र में जिला अध्यक्ष गंगापार अश्विनी कुमार द्विवेदी ने नए भारत का निर्माण, केन्द्र सरकार के फैसले, योजनाओं, उपलब्धियों एवं उपयोगिता के बारे में कार्यकताओं को बताया। प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आरती अग्रवाल एवं संचालन जिला महामंत्री रूपम त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य रूप से क्षेत्रीय मंत्री वंदना सिंह, सविता शर्मा, गीता पांडे, सोना देवी, प्रतिभा शुक्ला, मंडल अध्यक्ष शकुंतला शुक्ला, पिंटू अग्रवाल, रीना सिंह, ललिता पटेल, अंबिका पटेल, गुंजन, सुमन, कल्पना मिश्रा, रानी मोदनवाल, आसमा बानो, संगीता पटेल, निशा मौर्या, नीलम गिरी सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुल्हन साड़ी केंद्र नैनी में लगी भीषण आग से लाखों का नूकसान

अखंड भारत संदेश

नैनी। मिजापुर मार्ग पेट्रोल टंकी के सामने दुल्हन साड़ी केंद्र की दुकान में लगी भीषण आग का धुआ देख लोगों में हड़कंप मच? गयाआसपास के लोग मौके पर बड़ी संख्या में जुटे।

फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां एक एक? करके मौके पर पहुंचीं और की, आग बुझाने का प्रयास.मिली सूचना के अनुसार जानकारी की दुल्हन साड़ी केंद्र के मालिक राम प्रताप निवासी पंजाबी हाता, नैनी आज अपने परिवार के साथ ससुराल के किसी फंक्शन कार्यक्रम मे सम्मिलित होने गए थे करीब रात्रि10.20 बजे सूचना मिली कि उनकी दुकान मे आग लग गई लोगों का कहना है कि दुकान से सटा गोदाम भी था जिसमें माल बहुत ज्यादा था दुकान के साथ गोदाम मैं भी आग लगी है जिसे बगल के डाबर हाता से दीवाल तोड़कर बुझाया जा रहा है और लोगों का कहना है मकान मालिक का भी काफी नुकसान हुआ है दुल्हन साड़ी केंद्र की दुकान में कितना नुकसान हुआ है अभी तक अनुमान लगाया जा रहा है वहां मौजूद लोगों के अनुसार लाखों रुपए के नुकसान की बात कही जा रही है मौके पर नैनी कोतवाली की पूरी फोर्स मौजूद रही नैनी चौकी कस्बा इंचार्ज उमाशंकर सिंह मौके पर रहे मौजूद और सिविल डिफेंस के लोग रहे मौजूद राजेश यादव राकेश शर्मा सोनू विश्वकर्मा प्रेम प्रकाश आग बुझाने में काफी प्रयास किया इन्होंने एवं राकेश जयसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष नैनी रहे मौजूद

कक्षा 9 के छात्र ने फांसी लगा कर दी जान

हनुमानगंज। सरायइनायत के प्यारेपुर गांव में एक किशोर ने फांसी लगाकर जान देदी। फंदे पर लटके किशोर पर परिजनों की नजर पड़ी तो कोहराम मच गया। किशोर को फंदे से उतार पास के अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्यारेपुर निवासी शशि प्रकाश निखिल भारतीय पुत्र भट्टन भारतीय बृहस्पतिवार को देर शाम अपने मोहनगंज बाजार स्थित कच्चे झोंपड़े में रस्सी से बल्ली के सहारे फांसी लगाकर जान दे दिया। परिजनों को पता चला तो कोहराम मच गया। सूचना पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची पर परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये लाश का अंतिम संस्कार करना चाहते थे पर पुलिस ने मना कर दिया और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर ने आत्महत्या क्यों किया कारण पता नहीं चल सका। वह पास के एक विद्यालय में कक्षा 9 का छात्र था। तीन भाइयों में सब से छोटा था। बाजार में अंडे की दुकान लगाता था। पिता मजदूरी करता है।

कंजासा का दशहरा मेला सकुशल संपन्न

अखंड भारत संदेश

बारा। कंजासा का दसहरा का मेला हुआ संपन्न मुख्य अतिथि के तौर पर क्राइम इनफार्मेशन ब्यूरो आफ इंडिया के मंडल अध्यक्ष प्रयागराज परवेज आलम रहे मौजूद रहे।

कंजासा का दसहरा का मेला सकुशल थाना अध्यक्ष घूरपुर अश्वनी कुमार के द्वारा संपन्न कराया गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम सभा कंजासा में दसहरा मेले का आयोजन हुआ जिसमें कमेटी के अध्यक्ष प्रधान दिनेश निषाद, डायरेक्टर वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश द्विवेदी के तत्वावधान में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के लीला का मंचन दस दिनों तक अनवरत चलने के बाद मेले का आयोजन हुआ जो देर रात तक चलता रहा इस दौरान बच्चों ने झूले का आनंद लिया लाई,गट्टा, खिलौनों, चार्ट, चाऊमीन, गुड़ की जलेबी की दुकान ने सैकड़ों की संख्या में लगी हुई थी जिसमें महिलाओं ने घरेलू सामान की जमकर खरीदारी की मेले मैं आकर्षक झांकियों के साथ डीजे पर भक्ति गीत भी बज रहे थे। इस दौरान

घूरपुर थाना अध्यक्ष अश्वनी कुमार अपने हमराहियों के साथ मेले का सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में मदद की अंत में कमेटी के अध्यक्ष प्रधान कंजासा दिनेश निषाद वाह वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश द्विवेदी के द्वारा थाना अध्यक्ष घूरपुर को मेला सकुशल संपन्न कराने पर आभार व्यक्त किया इस दौरान क्राइम इनफार्मेशन ब्यूरो ऑफ इंडिया के मंडल अध्यक्ष प्रयागराज परवेज आलम, छविनाथ पाठक अपने टीम के पदाधिकारी मेंबर के साथ मेले मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे वही मेला कमेटी के सदस्य मेले में आए हुए क्षेत्रवासियों को चोर उचक्के से सावधान करते रहे अपने सामान की हिफाजत बिछड़े को मिलाने का भटके को रास्ता दिखाने के लिए कार्य कर रहे थे जैसे राजन निषाद, प्रदीप निषाद, वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने मेले में अपना योगदान दिया मेले में आए हुए समस्त क्षेत्रवासियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

भडेवरा गांव का दशहरा मेला बड़े धूमधाम से हुआ संपन्न मेले में उमड़ी रही लोगों की भीड़

अखंड भारत संदेश

करछना। दशहरे मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। मेले में रंग बिरंगी दुकानें सजी हुई थी। लोगों ने जमकर खूब खरीदारी भी की। बच्चों ने मेले का खूब लुत्फ उठाया। बच्चों की ओर से रंग बिरंगे खेल खिलौने भी खरीदे गए। देर शाम तक लोगों ने नृत्य का भरपूर आनंद भी उठाया?।

भडेवरा गांव में नवयुवक रामलीला कमेटी के बैनर तले चल रही रामलीला का बुधवार को समापन हो गया था। बृहस्पतिवार को कमेटी के कलाकारों की ओर से भव्य दशहरा मेला भी आयोजित हुआ। और दशहरा मेला धूमधाम से संपन्न हुआ । संयोजकों व व्यवस्थाको की ओर से दशहरे मेले को रंग बिरंगी विद्युत झालरों सहित विद्युत रोशनियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रामा दल की ओर से राम लक्ष्मण की भव्य झांकी भी निकाली गई। जो कि लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। राम और रावण युद्ध भी हुआ। देर शाम में लोगों की ओर से रावण का पुतला भी दहन किया गया । पुतला दहन के पश्चात जय श्रीराम के उद्घोष गर्मजोशी के साथ किया गया । देर रात्रि में भरत मिलाप आयोजित हुआ । चारों भाई आपस में गले लगे । लोगों की ओर से उनकी आरती उतारी गई। साथ ही साथ लोगों की ओर से पुष्प वर्षा भी की गई। श्री राम अयोध्या पहुंचकर माता कैकई से मिले । और उनका आशीर्वाद ग्रहण करते हुए उन्हें बधाई दी। और कहा कि माता यदि आपने मुझे वन के लिए न भेजती तो सुग्रीव जैसा मुझे मित्र की प्राप्ति नहीं होती। हनुमान जैसा दास न मिलता। विभीषण जैसा राम भक्त न मिलता । और राक्षसों का संहार न हो पाता तथा मुझे प्रभु श्री राम की उपाधि भी न ही मिलती । अयोध्या का राजा बनकर ही एक राजा ही रह जाता। दशहरे मेले के संयोजक पूर्व ग्राम प्रधान और भाजपा नेता प्रभा कांत ओझा व विजय कुमार ओझा तथा व्यवस्थापक सोनू ओझा की ओर से मेले में शिरकत किए सभी लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों में कमेटी के अध्यक्ष लल्लूराम तिवारी उपाध्यक्ष प्रभा कांत ओझा निदेशक देव प्रभाकर ओझा उपनिदेशक सुनील कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष राम बल्लभ ओझा धर्मेंद्र कुमार शर्मा देवकांत ओझा पंकज कुमार ओझा समेत कलाकारों के अलावा धरवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह केचुहा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम नंदन तिवारी डीएनएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पवनेश कुमार मिश्र सहित भारी तादाद में क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

राम सुग्रीव की मित्रता व लंका दहन का हुआ मंचन

करछना। आदर्श रामलीला कमेटी ककरम की ओर से बृहस्पतिवार रात को राम सुग्रीव मित्रता सहित लंका दहन नामक रामलीला का मंचन कलाकारों की ओर से बड़े ही रोमांचक ढंग से किया गया। जिसमें दर्शकों की भीड़ रही। हनुमान की पूंछ में लंका नगरी की ओर से लगाई गई आग से स्वयं की लंका नगरी धू-धू करके जल उठी। जिससे लंका नगरी राख हो गई। वही लंका वासियों में मातम छा गया । लंकादहन राम लीला के मंचन में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में श्री रामलीला कमेटी महासंघ प्रयागराज के अध्यक्ष दुर्गेश द्विवेदी मौजूद रहे। उन्होंने लंका दहन रामलीला मंचन का शुभारंभ राम और लक्ष्मण की आरती व पूजा के साथ किया। रामलीला मंचन के संयोजक व व्यवस्थापक ककरम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित कुमार मिश्र की ओर से आगंतुक दर्शकों के प्रति आभार भी जताया गया ।

शुआटस में इंटर हाउस कबड्डी टूनार्मेंट का उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शुक्रवार को शुआटस प्रयागराज में कबड्डी कोर्ट पर इंटर हाउस कबड्डी टूनार्मेंट (पुरुष और महिला) का उद्घाटन किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच पुरुष वर्ग में पिंक हाउस बनाम येलो हाउस और महिला वर्ग में रेड बनाम ब्लू हाउस के बीच खेला गया। पुरुष वर्ग में येलो हाउस ने पिंक हाउस के खिलाफ 51-13 से और महिला वर्ग में रेड हाउस ने ब्लू हाउस के खिलाफ 46-2 से मैच जीता। इंटर हाउस मैच लीग के आधार पर खेले जा रहे हैं।

मुख्य अतिथि डॉ. सी.जे. वेसली, चेयरमैन एथेलेटिक्स कमेटी और संयुक्त कुलसचिव शुआटस थे। इस अवसर पर डॉ सुनीता बी.जॉन, प्रमुख शारीरिक शिक्षा विभाग और सचिव एथलेटिक समिति ने डॉ. सी.जे. वेस्ले को पौधे का गमला देकर उनका स्वागत किया।

डॉ. सुनीता बी. जॉन का भी स्वागत हुआ। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को सच्ची खेल भावना और जुनून के साथ खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई भी दी। मैच का आयोजन शुआटस के कबड्डी इंचार्ज श्री अशोक कुमार सिंह ने किया। उद्घाटन मैच के समय एथलेटिक्स कमेटी के अध्यक्ष डॉ. सी.जे. वेसली, सचिव डॉ. सुनीता बी. जॉन, मो. माजिद एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

देवोत्थानी एकादशी पर बाजारों में रहा गन्ने का बहार

अखंड भारत संदेश

सहसों। वार्षिक त्यौहारों में पड़ने वाली एकादशी में प्रबोधिनी एकादशी सबसे शुभ और मंगलकारी मानी गई है। इस एकादशी को देवोत्थानी एकादशी और डिठवन एकादशी के नाम भी जाना जाता है। आचार्य पंडित दिनेश चन्द्र शास्त्री ने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की सयन निद्रा के बाद जाग्रत होते हैं। ऐसे में जगत के पालनहार के जागते ही 4 महीनों से रुके हुए सभी तरह के मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि सभी एकादशियों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाने वाली इस एकादशी का व्रत करने वालों को मोक्ष की प्राप्ति के साथ घर परिवार में सुख शांति के साथ समृद्धि की भी प्राप्ति होती है। गन्ने के महत्व के बारे में भी आचार्य ने बताया कि मौसम बदलने की वजह से इस दिन से लोग गुड़ का सेवन करना शुरू करते हैं।गुड़ को गन्ने के रस से बनाया जाता है। इसलिए इस दिन गन्ने की पूजा का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। गन्ने को मीठे का शुभ स्त्रोत माना जाता है। साथ ही यह माना जाता है कि अगर हम भी अपने व्यवहार में मिठास ले आएंगे तो घर में सुख शांति के अतिरिक्त परिवारी जन में मिठास बनी रहेगी। लोक रीति में एकादशी के दूसरे दिन भोर में गन्ने तथा सूप के द्वारा दरिद्र को भगाने की परंपरा भी ग्रामीण अंचल में आज भी कायम है। बताते हैं कि ऐसा करने से घर के दरिद्र दूर हो जाते हैं और घर में लक्ष्मी का वास वर्ष भर बना रहता है।

पचदेवरा व ककरम गांव का दशहरा मेला आज

करछना। सनातन धर्म रामलीला कमेटी पचदेवरा के कलाकारों की ओर से रामलीला समाप्ति के बाद शनिवार को भव्य दशहरा मेला आयोजित किया गया है । कलाकारों की ओर से दशहरे मेले की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है । यह जानकारी कमेटी के पदाधिकारियों में बाबा शुक्ला सूर्यकांत शुक्ला राजेश कुमार शुक्ल पवन कुमार शुक्ल व अशोक कुमार पटेल की ओर से संयुक्त रूप से दी गई है। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों समेत लोगों से दशहरे मेले में शिरकत करने और सफल बनाए जाने की अपील की है ।इसी प्रकार आदर्श रामलीला कमेटी ककरम के कलाकारों की ओर से चल रही दस दिवसीय रामलीला की समाप्ति के बाद शनिवार को दशहरे मेले का आयोजन किया गया है । यह जानकारी ककरम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व दशहरे मेले के संयोजक तथा व्यवस्थापक अमित कुमार मिश्र ने दी है। उन्होंने भी स्थानीय व्यापारियों सहित स्थानीय लोगों से दशहरे मेले में शिरकत किए जाने की अपील की है।

श्रृंगवेरपुर : गंगा पूजन के साथ राष्ट्रीय रामायण मेला शुरू, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की शिरकत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। श्रृंगवेरपुरधाम में पांच दिवसीय 33 वें राष्ट्रीय रामायण मेले का शुभारंभ शुक्रवार को गंगा पूजन के साथ हुआ। यात्री शेड में दीप जलाकर स्मारिका का विमोचन भी हुआ। सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद तथा मुख्तार अब्बास नकवी के साथ ही साधु संतों ने धाम के विकास और स्वच्छता का संकल्प लिया।बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि श्रृंगवेरपुर की धरती ऐतिहासिक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनी तो मुख्यमंत्री योगी ने तय किया कि अयोध्या, चित्रकूट की तर्ज पर यहां के मेले को भी ऐतिहासिक रूप देंगे। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है। हम अपने पुरखों को और पूर्वजों को भूल नहीं सकते।पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर श्रृंगवेरपुरधाम में शेष निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय, फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, पंकज पांडेय, राकेश द्विवेदी ,भाजपा के गंगापार अध्यक्ष अश्वनी दुबे, महंत कमल नयन दास जी महाराज, पंडा समाज के अध्यक्ष काली सहाय त्रिपाठी, सियाराम सरोज आदि ने भी विचार रखे। स्वागत राष्ट्रीय रामायण मेला के अध्यक्ष डॉ. बालकृष्ण पांडेय तथा संचालन महामंत्री उमेश द्विवेदी ने किया। में अतिथियों ने श्रृंगवेरपुरधाम पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया। इसके पहले उप मुख्यमंत्री पाठक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चंदन शुक्ला, विनोद ओझा, अमित द्विवेदी, मनीष द्विवेदी, आलोक तिवारी, उमेश तिवारी, आनंद मुखिया, रमेश गुप्ता, राजेंद्र, बसंत आदि मौजूद रहे।

विधायक अब्बास से ईडी ने की घंटों पूछताछ, ड्राइवर से भी दागे सवाल

प्रयागराज। बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे विधायक अब्बास अंसारी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित दफ्तर में घंटों पूछताछ की। मनी लांडरिंग के केस में विधायक अब्बास को 11 अक्तूबर को ही ईडी ने उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया था। अब्बास से शुक्रवार दोपहर दो बजे से पूछताछ शुरू की गई जो देर रात तक जारी रही। अधिकारियों ने उससे कई सवाल दागे। अब्बास से पूछताछ के साथ ही उसके ड्राइवर रवि कुमार शर्मा निवासी करंडा गाजीपुर से भी ईडी ने पूछताछ की। देर शाम उसे भी दफ्तर के भीतर बुलाया गया और कई सवाल पूछे गए। इसके चलते ईडी दफ्तर के बाहर काफी गहमा गहमी रही। मुख्तार के तमाम समर्थक भी आफिस के आसपास सड़क पर घूमते दिखे। ऐहतियात के तौर पर ईडी दफ्तर में पीएसी तैनात किया गया था।

चनेथू बजरंगपुरमः महावीर विनवउं हनुमाना राम जासु जस आप बखाना

अखंड भारत संदेश

जंघई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रबोधिनी देवोत्थान एकादशी पर हनुमान मंदिर चनेथू बजरंगपुरम गांव में अखंड रामायण पाठ आयोजित किया गया इस दिन भगवान विष्णु शयन निद्रा में जागते हैं यह एकादशी व्रत सभी एकादशी व्रतों में उत्तम कहा गया है।मंदिर परिसर एवं हनुमान जी की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार किया गया।मंगला आरती के बाद अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया जिसके बाद रात्रि में एकादशी व्रत की कथा की गई भक्तों को प्रसाद रूप में पंचामृत फल व मिष्ठान वितरण किया गया कार्यक्रम आयोजक कपिल देव शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर आचार्य भानु मिश्रा, सूर्यमणि शुक्ल, इंजीनियर घनश्याम पांडेय, हरिशंकर दुबे, अरूण शुक्ला, आचार्य धरणीधर शुक्ला, संगम शुक्ला, सीताराम तिवारी प्रधान, मुन्ना पांडेय प्रधान, राजेंद्र शुक्ला लीडर, डिंपी पांडेय, रमेश तिवारी, कपिल देव तिवारी, रामसजीले, राजेंद्र शुक्ला, नागेंद्र शुक्ला, जयप्रकाश, ओमप्रकाश, राजेश, श्रीप्रकाश, संजय, धनंजय, अच्छेलाल, रमेश बाबा, श्याम कृष्ण,जयकृष्ण, राजन, राजा, राहुल, रोहित, जोहित, प्रिंस, प्रतीक, कल्लू पांडेय, सुरेश दुबे, संतोष शुक्ला, अजय दुबे, जितेन्द्र दुबे, डिंपल शुक्ला, विकास यादव बीडीसी, समाजसेवी बाबा तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

डिप्टी कमिश्नर की पानी की बोतल गायब, कर्मचारी पर नामजद केस, बोले- राजकीय संपत्ति है बोतल

प्रयागराज। सिविल लाइंस स्थित केंद्रीय माल व सेवाकर कार्यालय में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां पानी की बोतल गायब होने पर डिप्टी कमिश्नर रुद्रप्रताप सिंह की ओर से कर्मचारी पर नामजद केस दर्ज कराया गया है। सिविल लाइंस पुलिस जांच में जुटी है। अफसर की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि 22 अक्तूबर को वह कानपुर जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभागीय अतिथि गृह से सरकारी पानी की बोतल आकस्मिक कर्मी स्वामी वर्मा को दी थी। इसके बाद वह पूरे हफ्ते छुट्टी पर रहे। छुट्टी से वापस आने पर वह कार्यालय पहुंचे तो बोतल गायब थी। उन्होंने पूछताछ की लेकिन बोतल का कुछ पता नहीं चला। उन्होंने तहरीर में लिखकर दिया है कि बोतल राजकीय संपदा है। जिसका मूल्य एक हजार रुपये है। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद केस दर्ज किया गया है। अमानत में ख्यानत के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नवीन मंडी स्थल से क्रय केंद्र हटाए जाने पर किसानों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

राइस मिल पर क्रय केंद्र की टैगिंग से किसान नाराज

अखंड भारत संदेश

रत्योरा /प्रयागराज। नवीन मंडी स्थल लेडियारी में पिछले 25 वर्ष से संचालित हो रहे हाट शाखा के क्रय केंद्र की टैगिंग राइस मिल पर कराए जाने को लेकर किसानों में नाराजगी देखी जा रही है।

भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान गणेश प्रसाद मिश्र ने उप जिलाधिकारी कोरांव से शिकायत दर्ज कराई है कि लगभग 25 वर्ष से नवीन मंडी स्थल लेडियारी पर ही हॉट शाखा का क्रय केंद्र संचालित हो रहा था किंतु पिछले 3 वर्षों से निजी स्वार्थ बस एक राइस मिल पर केंद्र संचालित किया जा रहा है। जिसकी शिकायत इसके पूर्व के वर्षों में भी गई थी जिसको लेकर इस वर्ष पहले तो नवीन मंडी स्थल पर ही क्रय केंद्र खोला गया।बाद में उसे राइस मिल पर कराया जा रहा है। जिससे किसान नाराज हैं। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक गणेश प्रसाद मिश्र ने कहा है कि अगर पूर्व की भांति नवीन मंडी स्थल पर क्रय केंद्र नहीं खुलवाया गया तो राइस मिल के बाहर किसान प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। अब देखने वाली बात होगी कि उपजिलाधिकारी के शिकायत के बाद विभाग के सक्षम अधिकारी हाटशाखा लेडियारी के क्रय केंद्र को नवीन मंडी स्थल पर ही खुलवाने का काम करते हैं, अथवा राइस मील पर ही केंद्र संचालित होगा। हालांकि राइस मील पर क्रय केंद्र के संचालित होने को लेकर क्षेत्रीय किसानों में बेहद नाराजगी देखी जा रही है।

25 वर्ष से नवीन मंडी स्थल लेडियारी पर ही हॉट शाखा का क्रय केंद्र संचालित हो रहा था किंतु पिछले 3 वर्षों से निजी स्वार्थ बस एक राइस मिल पर केंद्र संचालित किया जा रहा है।

अवंतिका कॉलोनी को अलग वार्ड बनाने की मॉग

नगर निगम निर्वाचन सूची में नाम जुड़ने को लेकर संशय में कालोनी वासी

अखंड भारत संदेश

नैनी। अवंतिका कॉलोनी नैनी जिसे आगामी नगर निगम चुनाव में पूर्व ग्राम पंचायत चकबबूरा, चकइमाम अली व ददरी के आंशिक क्षेत्रों के साथ वार्ड 40 नैनी ददरी में शामिल किया गया है। अवंतिका कॉलोनी पूर्व में ना तो ग्राम पंचायत ना ही सभासदी क्षेत्र में शामिल था। पड़ोसी ग्राम पंचायत के प्रधान प्रत्याशियों ने जरूर कुछ कॉलोनी के लोगो को अवैध तरीके से मतदाता बनवाया था। आकड़ो के मुताबिक 23 हजार मतदाता वार्ड 40 में दशार्या जा रहा है जिसमे बहुतायत मतदाता पूर्व में ग्राम पंचायत में शामिल रहे क्षेत्रों के है। दूसरी तरफ पहली बार सभासद चुनाव में शामिल अवंतिका कालोनी में विधान सभा सूची में लगभग 22 हजार मतदाता नामांकित है। ऐसे मे जब 23 हजार मतदाता पहले ही वार्ड 40 मे शामिल है तो कॉलोनी के मतदाता नगर निगम निर्वाचन सूची में शामिल होने को लेकर शसंकित हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नये नाम शामिल कराने की प्रक्रिया बेहद लचर है।

कुछ संभावित प्रत्याशियों द्वारा अपने स्तर से फार्म भरवाये जा रहे है, पर कॉलोनी के कितने लोगों का नाम जुड पायेगा इसको लेकर भी संशय बना हुआ है।समिति के बद्री प्रसाद मिश्रा ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या अवंतिका कॉलोनी को केवल करदाता बढ़ाने के लिए नगर निगम में शामिल किया गया है ?

वही समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी शिवशंकर पाण्डेय का कहना है कि जब सात, दस, बारह हजार, मतदाता वाले क्षेत्रों को वार्ड बनाया गया है तो बाइस हजार मतदाता वाले अवंतिका कॉलोनी को अलग वार्ड क्यो नहीं बनाया गया ? समिति के ही संजीव गुप्ता ने अवंतिका वासियों से इस मुददे पर एकजूट होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है, साथ ही पत्र के माध्यम से शासन, प्रशासन व निर्वाचन आयोग को इस विषय पर पुर्नविचार हेतु अवगत कराने की बात कही है। अवंतिका विकास समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि समिति की आगामी बैठक में कालोनी के प्रबुद्ध व जागरूक लोगो के साथ विचार मंथन कर जनहित मे निर्णय लिया जायेगा।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा सुषमा केसरी की मनाई गई चौथी पुण्य तिथि

नाम आंखों से लोगों ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

रत्योरा/ प्रयागराज। नगर पंचायत कोरांव की पूर्व अध्यक्षा विलक्षण प्रतिभा की धनी स्व सुषमा देवी केसरी पत्नी ओम प्रकाश केसरी की चौथी पुण्य तिथि उनके निज निवास पर मनाई गई।

जहां लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लोगों ने उनके 10 वर्षों के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके अथक परिश्रम की बदौलत नगर पंचायत कोरांव में जो विकास कार्य किए गए वह आज लोगों के लिए मिसाल बने हुए हैं। उनका मृदुभाषी सरल मिलनसार स्वभाव आज भी हम लोगों के जीवन में प्रेणाश्रोत के रूप में जीवित हैं। जो भी व्यक्ति उनके 10 वर्ष के कार्यकाल में अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उनसे जो भी मिला तो उन्होंने अपनी सूझबूझ से लोगों की समस्याओं का बखूबी निर्वहन करते हुए नगर के विकास की गति को आगे ले जाने का कार्य किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि ओम प्रकाश केशरी ने भी नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके द्वारा नगर के विकास के लिए किए गए नेक कार्य आज भी आम जनमानस में चर्चा का विषय बने हुएं है । उनके द्वारा प्रशस्त मार्ग पर चलकर नगर पंचायत के लोगों की सेवा करना ही मेरा भी एक मात्र लक्ष्य है, जो उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी ओपी ड्राइवर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरिशंकर मिश्र, सुरेंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल , जितेंद्र सिंह पटेल, राजकुमार केसरी, पंकज केसरी , सभासद शैलेश सिंह शैलू, सभाजीत सिंह, पूर्व सभासद भगवान प्रसाद तिवारी, सहित नगर पंचायत के कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

माँ माधुरी की 9वीं पुण्यतिथि मनाई गई

अखंड भारत संदेश

नैनी। शुक्रवार को माँ माधुरी वेलफेयर फाउंडेशन एवं देवा सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में माँ माधुरी की 9वीं पुण्यतिथि फाउंडेशन के कार्यालय में मनाई गई। जिसमे फाउंडेशन के अध्यक्ष देवा श्रीवास्तव ने कहा कि मां माधुरी ने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया।उनके संघर्षों को हमेशा याद रखना चाहिए।साथ ही उपस्थित लोगो को उनके बताये मार्गो पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। तत्पश्चात संस्थान के लोगो ने माँ माधुरी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर मुख्य रूप से देवाशीष श्रीवास्तव, सौम्या श्रीवास्तव, राकेश कुमार,राम बहादुर, कंचन श्रीवास्तव,मानसी, तनु,मनु,देवांशी श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

कक्षा तीन के छात्र ने घर के अंदर फांसी लगाकर दी जान, ननिहाल न ले जाने पर था नाराज

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंधियारी गांव में कक्षा तीन के छात्र ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। नवाबगंज टोल प्लाजा के पास स्थित अंधियारी गांव निवासी राजकुमार पासी पुणे में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। उसके तीन पुत्र हैं। जिसमें कुणाल, विशाल और सर्वेश हैं।

विशाल (11) गांव में ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र है। शुक्रवार को वह पढ़ने के लिए नहीं गया था। वह मां से ननिहाल जाने की जिद कर रहा था, लेकिन इसके लिए मां ने मना कर दिया और उसे बकरी चराने के लिए भेज दिया।दोपहर करीब 12 बजे बकरी चराकर लौटे विशाल ने घर के भीतर साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो वह सन्न रह गए। चीख पुकार मचने पर गांव के लोग जुट गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। पिता ने फोन पर पुलिस से बातचीत की और कहा कि वह गांव के लिए निकल गया है। उसके आने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम कराना है या नहीं यह तय किया जाएगा। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

महादेव महावीर सत्संग कमेटी द्वारा रामकथा का शुभारंभ आज से शुरू

सिरसा/प्रयागराज। मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा महादेव महावीर सत्संग कमेटी सोरांव, मेजा, प्रयागराज द्वारा रामकथा का शुभारंभ कल शनिवार 5 नवंबर 2022 से होगा। उक्त आशय की जानकारी कमेटी के पदाधिकारी आशीष शुक्ल ने देते हुए बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरी भव्यता के साथ संगीतमय रामकथा का आयोजन किया जाएगा। रामकथा में मानस पियूसा सुश्री आस्था दुबे जबलपुर, पंडित अजय शास्त्री अयोध्या व पंडित भोलानाथ पाण्डेय प्रयागराज के मुखारविंद से सत्संग पांडाल में सरस्वती प्रवाहमान होंगी। कथा का शुभारंभ शाम छह बजे से रात्रि दस बजे तक। भजन संध्या 12 नवंबर शनिवार व हवन और महाप्रसाद वितरण 13 नवंबर दिन रविवार को होगा।

डेंगू,मलेरिया वायरस के रोकथाम के लिए चलाया गया वृहद फॉगिंग अभियान

अखंड भारत संदेश

सोरांव। गुरुवार तथा शुक्रवार को ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार तथा ग्राम प्रधान शाहिद अली ने सोरांव ग्राम पंचायत के सभी मजरों में दो दिवसीय वृहद फॉगिंग अभियान चलाया। कस्बे में स्थित सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रत्येक कमरों संग गांव में बने नाली, ब्लॉक, थाना, तहसील,खडंजो संग प्रत्येक स्थानों पर दवा का छिड़काव प्रधान पुत्र मोहम्मद नावेद की मौजूदगी में एक टीम बनाकर जिसमे सफाई कर्मी जंगी लाल,पप्पू, पिंकी, पंचायत सहायक हर्ष श्रीवास्तव,क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश कुमार संग ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी लोगों ने भी छिड़काव में मदद किया।

जिससे कि डेंगू मच्छर व एंटी लार्वा,संचारी रोग का नियंत्रण हो सके।

इतना ही नहीं इस गांव में एक माह में यह 5 वीं बार घर-घर जाकर दवा और ब्लीचिंग का छिड़काव करवाया गया। तथा सभी ग्राम वासियों की डेंगू मच्छर,मलेरिया आदि बीमारियों के बारे में जागरूक भी किए। तथा घरों से निकलने वाले कूड़े कचरे को एक कूड़ेदान में डालने की बात भी कहे। जिससे सफाई कर्मियों को कूड़ा घर-घर उठाने में भी आसानी रहे और साफ सफाई भी रहे। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने पर रोकथाम हो सके।

... ग्राम पंचायतअधिकारी सोरांव अखिलेश कुमार ने बताया कि पूरे ग्राम सभा में युद्ध स्तर पर दवा का छिड़काव कराया जाएगा। और ग्राम वासियों से अनुरोध है कि यदि कहीं भी डेंगू का लक्षण दिखाई दे तो तत्काल ग्राम पंचायत को सूचित करें। जिससे तत्काल कार्यवाही की जाए।

टोंस नदी को गंगा नदी की तरह स्वच्छ एवं पवित्र बनाए रखने में योगदान दें: योगेश

मेजा के कोना में टोंस नदी आरती महोत्सव आयोजित

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। देवोत्थान एकादशी के अवसर पर मेजा विकास खंड के कोना ग्राम पंचायत में आयोजित टोंस नदी की आरती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने कोना गांव सहित प्रयाग जनपद के समस्त नागरिकों के सम्पूर्ण मंगल के लिए जगत पिता भगवान विष्णु से प्रार्थना किया है।टोंस नदी की आरती प्रारंभ करने के लिए आयोजको का अभिनंदन करते हुए कहा कि गंगा हमारी पवित्रतम नदी है और देश की सभी नदियां गंगा स्वरूपा है।जिसमे टोंस नदी भी गंगा स्वरूपा है।उन्होंने कहा कि कोना के सामने से टोंस नदी की बहती जल धारा काम समय में थोड़ी दूर पर गंगा में मिलकर गंगा बन जायेगी ।इस लिए हम सब का कर्तव्य है की टोंस नदी के प्रवाह और पवित्रता की उतनी ही चिंता करे जितनी की गंगा की करते है। श्री शुक्ल ने कहा की हम सभी सनातनी हिंदू आदिकल से प्रकृति के सभी अंशो में दैवीय शक्तियों का आध्यात्मिक साक्षात्कार करते हुए उनके साथ एकात्मता का अनुभव करते रहे है । नदियों,जलाशयो, वनों, वृक्षों, वनस्पतियों, पहाड़ों, खेतों, पशुओं आदि के बारे में हमरा दैवीय दृष्टि कोण हमारे आध्यात्मिक जीवन दर्शन से पोषित रहा है ।प्रकृति की समस्त शक्तियों के प्रति हमारी आस्था और हमारा विश्वास भारतीय जीवन दर्शन की सबसे अनूठी बात रही है ।

इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि प्रकृति की शक्तियों के प्रति हम सब का विनम्र भाव ने ही देश के प्रत्येक गांव एवम नगरों में ग्राम देवताओं एवम नगर देवताओं ने प्राण प्रतिष्ठा की है। हजारों साल से ग्राम एवम नगर देवताओं ने मनुष्य कृत एव प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ मनो वैज्ञानिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया है ।श्री योगेश शुक्ल ने प्रत्येक ग्राम वासियों का आवाहन किया कि अब आने वाले वर्षो में देवोत्थान एकादशी के दिन सारे गांव के सारे लोग मिलकर ग्राम देवता व ग्राम देवी की सामोहिक पूजा एवम उत्सव मनाएं इससे हमारी सामूहिक चेतना जागेगी और हम सब उन सामाजिक प्रश्नो का उत्तर भी खोज लेंगे जो आज हमें अनुत्तरित दिखाई पड़ते हैं ।कार्यक्रम में आयोजक विनय शुक्ल ने सब के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अमरेश तिवारी, रंग लाल निषाद, राकेश तिवारी,हृदेश मिश्रा, शशि कांत पाण्डेय, हरी मोहन पाण्डेय, राम चंद्र शुक्ल , शिव कैलाश निषाद आदि मौजूद रहे।

आठ माह से वेतन न मिलने पर आशा बहुओं ने किया प्रदर्शन

सीएचसी अधीक्षक ने समस्या के निस्तारण का दिया आश्वासन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। आशा बहू के साथ आशा संगिनी का आठ माह से वेतन नहीं मिलने पर नाराज आशा बहुओं ने पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धरना प्रदर्शन करते हुए जल्द से जल्द मानदेय दिलाने की मांग किया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के रायपुर रोड पर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार की दोपहर सैकड़ों की संख्या में आशा बहुओं और आशा संगिनी एकत्रित हुई और लगातार आठ माह से मानदेय न मिलने की शिकायत करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। आशा संघ की अध्यक्ष आशा सिंह ने बताया कि लगभग 8 माह से खाते में मानदेय नहीं आ रहा है जिससे घर का खर्च चलना भी मुश्किल हो गया है । लगातार अनियमितता बरती जा रही है जिससे आशा बहुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है आशा बहुओं ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें किस मद से कितना खर्च मिलता है अभी उन्हें बताया नहीं जाता है।

सीएचसी केन्द्र पर प्रदर्शन करती आशा बहुएं।

प्रसव को लेकर जब गर्भवती महिलाएं प्राइवेट हॉस्पिटल चली जाती है तो आशा बहुओं को भी कोई लाभ नहीं मिलता है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश जयसवाल से बात करने पर उन्होंने बताया कि कुछ आशा बहुओं का मानदेय नहीं आया है, जबकि कुछ का आ चुका है कुछ तकनीकी समस्या के कारण ऐसा हो रहा है जल्द ही समस्या का निस्तारण किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से अनीता मीना, शिला देवी, सुमित्रा, सविता मनीता, श्यामकली, अनुराधा, दीक्षा श्यामा देवी उषा देवी सहित कई आशा बहुएं मौजूद रही।

किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम ताजपुर बगिया निवासी हरकेश कुमार वर्मा की पत्नी आशा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि दो नवंबर को उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री लक्ष्मी शौच को गयी थी। इस बीच बगल के गांव खेमसरी निवासी अनिल का पुत्र अंकित चैरसिया उसकी पुत्री को बहलाफुसलाकर अपहत कर ले गया। पीडिता ने नाबालिग पुत्री के साथ अप्रिय वारदात की आशंका भी जतायी है।

कुंडा की महिला की दिल्ली में डेंगू से हुई मौत

परियावां, प्रतापगढ़। नगर पंचायत कुंडा के शिवपुरम मोहल्ला निवासी महिला ओमश्री पत्नी दुर्गेश कुमार (35) वर्षीय अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहती थी एक सप्ताह पूर्व बुखार की चपेट में आ गयी थी जिसमें दिल्ली के चिकित्सको ने जांच में डेंगू के लक्षण मिलने पर उपचार शुरू कर दिया जहाँ उपचार के दौरान बुधवार महिला की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बिजली के तार के करेन्ट से भाई-बहन की दर्दनाक मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र के कामसिंह का पुरवा बघवाइत में अंश पुत्र विजय कुमार (12) वर्षीय व बहन अंशिका पुत्री विजय (9) वर्षीय अपने दादा को धान की कटाई के दौरान पानी देने दोनो नाती नातिन अंश व अंशिका जा रहे थे कि खेत मे गिरे बिजली के नंगे तार की चपेट में आने से दोनों भाई बहन की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।धान की कटाई कर रहे दादा की नजर जब दोनों बच्चों पर पड़ी तो दौड़ पड़े और बिजली के तार को हटाने लगे जिसमे दौड़ रहे करेन्ट की चपेट में आने से झुलस गए जब ग्रामीणों की नजर पड़ी तो सभी शोर मचाते हुए घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े बिजली के तार को किसी तरह किनारे करके घायल दोनो बच्चे अंश व आंशिक व दादा को उपचार के लिए सीएससी महेशगंज ले गये जहाँ चिकित्सकों ने कुंडा सीएचसी के लिए रिफर कर दिया जहाँ चिकित्सको ने अंश व बहन अंशिका को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बच्चो के पिता विजय कुमार अभी एक माह पूर्व जीविकोपार्जन के लिये शहर गये हुए है। विजय कुमार का बड़ा बेटा की एक वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई थी। करेन्ट से दो बच्चो की अचानक मौत हो जाने से विजय का परिवार से बुरी तरह टूट चुका है अब केवल पांच माह की बच्ची के सहारे विजय का परिवार है। दोनो बच्चो के साथ घायल दादा शव लेकर घर पँहुचने पर कोहराम मच गया।गाँव मे दोनो बच्चो की दर्दनाक हुई मौत से सन्नाटा छाया रहा। एसडीएम कुंडा सतीश चन्द त्रिपाठी ने घटना पर दुख जताते हुए आर्थिक मदद पीड़ित परिवार को दिलाने की बात कही।

पनघट संवाद में जागरुकता मार्च में शामिल विद्यार्थीगण।

सई नदी के देवघाट तट हुआ पनघट संवाद का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव प्रतापगढ़ में गंगा दिवस के अवसर भारत और जर्मनी की संयुक्त पहल गंगा बॉक्स के मास्टर फैसलिटेटर अनिल कुमार निलय की अगुवाई में सई नदी के देवघाट तट पर पनघट संवाद का आयोजन किया गया।

इसमें अनिल कुमार निलय द्वारा विद्यार्थियों को नदी के ऐतिहासिक, पौराणिक, आर्थिक एवं सामाजिक महत्व एवं आवश्यकता पर विचार प्रस्तुत किये गये। नदियों की वर्तमान स्थिति बेहद चिंताजनक है अतः इससे उबरने के लिए आवश्यक व्यक्तिगत प्रयासों पर गहन चर्चा की गई। कहा जा रहा है कि तृतीय विश्व युद्ध जल संकट के चलते ही होगा इसलिये सभी में जल एवं नदी संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता मार्च किया गया जिसमें नदियाँ हैं जीवन आधार, गंदगी का न इनमें लगाओ अंबार। सई नदी पर संकट है, सारे लोग इकट्ठा हों जैसे नारों के माध्यम से आम जनमानस को नदियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। गंगा दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रवीण कुमार, रामधन, सुनील कुमार, संतोष कुमार, विजय कुमार सहित रितेश, ऋषभ, सौरभ, सूर्या सिंह, शिवांश, अंश, रूद्रांश, जय-जय शिव, प्रांजल, सौरभ मिश्रा, शक्ति सरोज, दिब्यांश, अश्विनी सहित्य सभी विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

अधीक्षण अभियन्ता की जांच आदेश पर जतायी नाराजगी, डीएम से मजिस्ट्रेट जांच की मांग

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत लालगंज की बाजार में विद्युत पोल के गिरने से हुई दुर्घटना को लेकर जिले के अधीक्षण अभियंता द्वारा जारी जांच के आदेश पर असंतोष जताते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने शुक्रवार को डीएम को पत्र लिखा है। उन्होनें इस दुर्घटना की मजिस्टेप्टी जांच की मांग उठाते हुए जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल को लिखे गये पत्र में कहा है कि अधीक्षण अभियंता सत्यपाल ने गुरूवार की शाम जांच के जारी आदेश में पहले ही मातहत अधिकारियों को बचाये जाने के लिए दुर्घटना का कारण किसी अज्ञात वाहन के टकराने से पोल गिरने की झूठा तथ्य दशार्या है।

ज्ञानप्रकाश शुक्ल के मुताबिक सैकडो व्यापारियों व प्रत्यक्षदर्शियों ने देखा है कि जर्जर होने के कारण पोल स्वयं गिर गये और जर्जर तार भी नेशनल हाइवे पर टूट कर गिर गये। वहीं उन्होने जांच आदेश मे चार घायलों की जगह तीन की संख्या बताये जाने के तथ्य को भी गुमराह करने वाला करार देते हुए कहा कि इससे यह साबित होता है कि विभाग द्वारा विभागीय अफसरो की ही जांच समिति का गठन कर अब इस मामले में लीपापोती का प्रयास शुरू कर दिया गया है। उन्होने डीएम से मांग की है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए संपूर्ण मामले की विभागीय जांच से हटकर मजिस्टेप्टी जांच करायी जाय ताकि सच सामने आ सके और जिम्मेदार लालगंज के अवर अभियंता समेत जबाबदेह अफसरो के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई हो सके। गौरतलब है कि अधीक्षण अभियंता सत्यपाल ने दुर्घटना को लेकर अधिशाषी अभियंता विद्युत परीक्षण खण्ड प्रतापगढ़, इं. रामाश्रय प्रसाद चैरसिया तथा सहायक अभियंता विद्युत अरविंद कुमार के साथ दो सदस्यीय जांच समिति गठित कर इस मामले में एक सप्ताह के अंदर जांच पूरी किये जाने के निर्देश जारी किये है।

5100 दीपों के साथ जगमग हुआ गंगा घाट

10वां दीपदान महोत्सव सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के मुरस्सापुर सोनामऊ गंगाघाट किनारे ग्राम प्रधान संगीता देवी व ग्रामवासियों के सहयोग से गंगा किनारे 10वां दीपदान महोत्सव का 5100 दीपों को जलाकर दीपदान किया। पूरा गगाघाट दियो की रोशनी से जगमगा उठा।

गंगा किनारे पण्डित अखिलेश कुमार ने यजमान पूर्व प्रधान जीवनलाल यादव व धर्म पत्नी शिव कली को पूजन अर्चन कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर कराया। मुख्यतिथि के रूप में आये एमएलसी गोपाल भैया व विशिष्ट

मुरस्सापुर सोनामऊ गंगाघाट किनारे दीपदान महोत्सव में मौजूद अतिथिगण।

अतिथि के रूप में बाबागंज विधायक बिनोद सरोज के कर कमलों द्वारा 10वां दीप महोत्सव का कार्यक्रम किया गया जिसमें भारी संख्या में ग्राम प्रधान बीडीसी व ग्राम वासी मौजूद रहे, जिसमें मुख्य रूप से एडीओ पंचायत संतोष कुमार शुक्ला, सुशील कुमार त्रिपाठी प्रा शि संघ अध्यक्ष कालाकांकर, संजय त्रिपाठी जनसत्तादल ब्लाक अध्यक्ष कालाकांकर, अनिल कुमार मौर्य प्रधान परियावां, ग्राम पंचायत सचिव रविशंकर सोनकर व ब्यास कुमार मौर्य, योगेन्द्र सिंह पूर्व सदस्य जिला पंचायत, बीएल सिंह यादव, प्रभात कुमार यादव पूर्व प्रधान, डॉ सतपाल वर्मा प्रधान एवं बीडीसी, तालुकदार सिंह प्रधान, प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी प्रधान, मनोज कुमार त्रिपाठी प्रधान, सुरेश कुमार यादव प्रधान एवं समाजसेवी, विजय बहादुर, ओमप्रकाश सोनकर, छोटेलाल सोनकर, दिनेश कुमार यादव, शैलेश कुमार, मौज लाल यादव, संगमलाल यादव व कालाकांकर बेसिक शिक्षा परिवार के शिक्षकगण आदि लोगों के साथ नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी दल बल के साथ मौजूद रहे। दीपदान के समय घाट किनारे मेले का आयोजन किया गया जिसमें खाने पीने की दुकान सजी हुई थी।

राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों का अधिक से अधिक हो निस्तारण

राष्ट्रीय लोक अदालत सम्बन्धी बैठक में मौजूद अतिथिगण।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या के द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 नवम्बर 2022 के सम्बन्ध में प्री0 ट्रायल बैठक की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होने कहा कि इसमें पक्षकरों को शीघ्र न्याय मिल जाता है और उनको बेवजह कचेहरी के चक्कर नहीं काटने पड़ते, इसमें धन और समय की बचत होती है। आपसी सुलह समझौते से पक्षकारों के बीच उत्पन्न मतभेद व विवाद हमेशा के लिये समाप्त हो जाता है। बैठक का संयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव प्रदीप कुमार शुक्ला द्वारा की गयी। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण, मध्यस्थगण आदि उपस्थित रहे।

उत्पीड़न को लेकर एसपी को दिया शिकायती पत्र

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर थाने के पूरे रामलाल डांडी निवासी विश्वदीपक पाण्डेय पुत्र बद्री प्रसाद ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि लीलापुर थानाध्यक्ष द्वारा दिव्यांग होने के बावजूद उसे परेशान किया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि लीलापुर पुलिस पारिवारिक विवाद की आड में उसका उत्पीडन करने के साथ उसे अपमानित कर रही है।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास, 35 हजार रुपये लगा अर्थदण्ड

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने फकरे आलम उर्फ फकई निवासी शेखनपुर थाना मांधाता को नाबालिक के अपहरण, उसके साथ दुष्कर्म करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व पैतीस हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया।

वादी मुकदमा के अनुसार उसकी पुत्री पीड़िता उम्र 16 वर्ष 15 नवंबर 2014 को लगभग नौ बजे दिन में यह कहकर घर से निकली कि मैं बैंक की पासबुक लेने जा रही हूं। वह शाम तक लौट के नहीं आई तो काफी खोजबीन की तो पता लगा कि उसे फकरे आलम उर्फ फकई, शाहरुख, उसकी माता सबरून, बहन आफरीन व नवरीन निवासी शेखनपुर थाना मांधाता अपहरण कर लिया। वादी मुकदमा जब उनके घर अपनी बेटी को लाने गया तो उसे भद्दी भद्दी गालियां व जान से मार देने की धमकी दी और कहा कि भाग जाओ नहीं तो तुम्हें और तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़िता ने अपने बयान में दौरान विवेचना बताया कि मुझे फकरे आलम ही बहला-फुसलाकर बंदूक की नोक पर जबरन भगा ले गया था अन्य किसी का कोई सहयोग नहीं था जिस पर पुलिस द्वारा मात्र फकरे आलम के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया अभियोजन द्वारा न्यायालय में पीड़िता, पीड़िता के पिता, डॉक्टर प्रधानाचार्य, विवेचक को गवाही मैं प्रस्तुत किया गया। दौरान साक्ष्य पीड़िता ने बताया कि मैं जब ननिहाल जाती थी तो फकरे आलम मिलता था फकरे आलम ने मुझे खेत में बंदूक दिखाकर मेरे साथ बलात्कार किया और इलाहाबाद ले गया। जब मेरे पिताजी ने मुकदमा लिखाया तो पुलिस के डर से उसने मुझे ले आकर चैक में छोड़ दिया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रदीप कुमार पांडे व निर्भय सिंह ने की।

गैर इरादतन हत्या के आरोपी के पांच वर्ष का कारावास

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी नंद प्रताप ओझा ने उदई, सुखराम निवासीगण नरी थाना अंतू व रामलाल निवासी नोहरी सिंह का पुरवा थाना संग्रामपुर जिला सुल्तानपुर को गैर इरादतन हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए प्रत्येक को 5-5 वर्ष का कारावास व प्रत्येक को दस-दस हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। एडीजीसी अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि वादी मुकदमा राम लखन निवासी नरी ने थाना अंतू में तहरीर दी कि 11 जून 1996 को समय 2रू30 दिन में उसके पड़ोस के राम आधार, उदई सुखराम,रामलाल आदि उसकी दीवाल की सतह पर दीवाल उठाने लगे जब उसने मना किया तो उन्होंने कहा कि हम लोग दीवाल उठाएंगे इसी बात को लेकर रामाआधार ,उदई उर्फ उदय राज ,सुखराम तथा रामलाल उसे लाठियों से मारने लगे जब उसने शोर मचाया तो शोर पर उसके पिता राजाराम, माता केवला देवी बहन सुशीला देवी बचाने आई तब आरोपी गण लाठी और सभी को मारने लगे जिस पर सभी को गंभीर चोटे आई दौरान इलाज उसकी माता केवला देवी की मृत्यु हो गई राज्य की ओर से पैरवी ईडीजीसी अनिल कुमार मिश्रा ने की।

जर्जर पोल को लेकर वकीलो ने किया विरोध प्रदर्शन

व्यापार मण्डल समेत कई संगठनों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। गुरूवार को लालगंज बाजार में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते जर्जर पोल गिरने की दुर्घटना को लेकर दूसरे दिन गुरूवार को भी यहां आक्रोश का माहौल दिखा। तहसील परिसर मे वकीलो ने एकजुट होकर बिजली विभाग के अफसरो के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वकील इस मांग पर अड़े थे कि दुर्घटना में जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाय। इसके बाद विरोध प्रदर्शन करते वकील एसडीएम कार्यालय के सामने पहुंच गये। वकीलों का शोरशराबा सुन तहसीलदार सुप्रिया चतुवेर्दी वहां पहुंची और वकीलो को समझा बुझाकर शांत कराया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल

तहसील मे बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

त्रिपाठी महेश व महामंत्री शेष तिवारी की अगुवाई में डीएम को संबोधित तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही पर जोर दिया। वकीलों ने तहसील गेट पर भी घंटो नारेबाजी की। इस मौके पर उपाध्यक्ष बीके तिवारी, टीपी यादव, जयकरन सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, केके शुक्ला, विपिन शुक्ल, सुरेश मिश्र मदन, अनूप पाण्डेय, कमलेश तिवारी, प्रमोद सिंह, विनय शुक्ल, मस्तराम पाल, दीपेन्द्र तिवारी, आदि अधिवक्ता रहे। इधर दुर्घटना को लेकर व्यापारियों में भी आक्रोश बदस्तूर बना दिखा। गुरूवार की देर रात जिले के एसपी सतपाल अंतिल के कोतवाली पहुंचने की जानकारी को लेकर स्थानीय व्यापारी व अधिवक्ता तथा लोग कोतवाली पहुंच गये। यहां व्यापार मण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई मे व्यापारियों ने जेई तथा एसडीओ के खिलाफ ज्ञापन दिया। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व मे भी वकील एसपी से मिले और दोषी बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। एसपी ने ज्ञापन पर सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर को जांच सौंपी है। इधर दुर्घटना मे घायल हुए चार लोगों का शुक्रवार को भी इलाज जारी बताया गया। हालांकि परिजनो के मुताबिक घायलो की स्थिति मे सुधार है।

अधिक भाव देने के बावजूद मिल रही है गुडवत्ता विहीन डीएपी, किसान परेशान

सरकारी भाव से 150 रुपए अधिक ले रहे है कीमत, बेपरवाह बना प्रशासन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सरकारी खजाने में डीएपी की किल्लत हमेशा ही देखने को मिलती है, लेकिन बाजारों में दुकानदारों के यहां डीएपी की कमी कभी नहीं देखी गई। इसे लेकर किसान भी ऊहापोह की स्थिति में पड़ जाता है। वहीं अधिक कीमत चुकता करने के बाद भी किसानों को गुणवत्ता विहीन ही डीएपी लेना पड़ रहा है।

स्थानीय क्षेत्र के रानीगंज कैथौला के चारों तरफ आलू की खेती अधिक मात्रा में की जाती है। यही वजह है कि इस क्षेत्र में डीएपी की खपत भी बहुत अधिक है ।किसानों की जरूरत का 10 प्रतिषत भी डीएपी समितियों पर नहीं आ पाती है।

इस दशा में बाजारों से अधिक दामों पर गुणवत्ता विहीन डीएपी खरीदना किसानों की मजबूरी बन जाती है। इस ओर कृषि विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठाता है जिस वजह से उर्वरक व्यापारियों के मनोबल भी बढ़े हैं और वह जैसे को तैसे मनमानी कर रहे हैं। क्षेत्र के किसान प्रमोद सिंह, मोनू व सोनू समेत कई किसानों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गुणवत्ता विहीन डीएपी से पैदावार बिल्कुल कम हो जाती है। अधिकतर किसानों को सही डीएपी की पहचान नहीं है। आज किसान सरकारी तंत्र की लापरवाही के चक्कर में 1350 रुपए की खाद को 1500 में खरीद रहा है। इस दौरान एसडीएम से बात करने पर उन्होंने इसे कृषि विभाग का मामला बताया। और जब डीडी एग्रीकल्चर से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

क्या है असली डीएपी की पहचान?

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के किसान प्रमोद सिंह ने बताया की अक्सर किसान डीएपी की पहचान उसके गलने से करते है।जबकि ऐसा नहीं है। असली डीएपी के दाने पक्की फर्श पर खूब जोर से रगड़ने के बाद भी उसके दाने फूटते नही है बल्कि फर्श पर खरोच आ जाते है।

मंत्री समूह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान दिये गये निदेशों के अनुपालन की मंडलायुक्त ने की समीक्षा

ओवर बिलिंग के दोषी कर्मियो के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर तथा सम्बन्धित एजेन्सी को ब्लैक लिस्ट की कार्यवाही करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मण्डलायुक्त प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज विजय विश्वास पन्त ने उदयन सभागार में मंत्री समूह उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं राज्यमंत्री, स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान दिये गये निदेशों के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की मण्डलायुक्त ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज, कादीपुर के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि माह वार निर्माण प्रगति चार्ट के अनुसार निर्माण कार्य में प्रगति सुनिश्चित कराने के साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भ्रष्टाचार की कोई शिकायत न आने पाये, शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को पं0 दीनदयाल राजकीय उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय एवं राजकीय इण्टर कॉलेज मंझनपुर में हुए अवैध अतिक्रमण को आज ही हटवाने के निर्देश दियें।प उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को ओवर बिलिंग के दोषी कर्मियो के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा सम्बन्धित एजेन्सी को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि जो विद्युत सखी सक्रिय नहीं हैं, उन्हें हटाकर उनके स्थान पर दूसरे को रखा जाय। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विजिलेन्स जॉच के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाय तथा अब तक की गयी कार्यवाही की विस्तृत आख्या उपलब्ध करायी जाय।

पमण्डलायुक्त ने हर घर नल सेप जल योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क को शीघ्र ठीक कराना सुनिश्चित किया जाय तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने हर घर नल योजना के तहत किये जा रहें कार्यों की समिति बनाकर गुणवत्ता की जॉच कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ए0आर0टी0ओ0 को ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध नियमित कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी गाड़ियों पर नम्बर प्लेट स्पष्ट रूप से अंकित हों तथा जनपद में ओवरलोड वाहन संचालित न होने पायें। उन्होंने निराश्रित गोवंशों की समीक्षा के दौरान कहा कि चिन्हित सभी चारागाहों में माह नवम्बर तक चारा की बुआई सुनिश्चित कर लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने बंजर भूमि भी चिन्हित कर चारा की बुआई की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।

मण्डलायुक्त ने सभी उप जिलाधिकारियो को निर्देशित किया कि शराब ठेके के अलावा शराब और कहीं भी न बिकने पाये तथा ठेकों पर निर्धारित कीमत से ज्यादा पर शराब बिकने की शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्यवाही की जाय। उन्होंने आबकारी अधिकारी को भी अवैध शराब एवं ओवर प्राइस के

आयुक्त की समीक्षा बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी।

विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालयों में रोस्टर के अनुसार सचिव, लेखपाल एवं सिपाही आदि की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने विकास खण्ड सिराथू के ग्राम पंचायत कादीपुर को आदर्श ग्राम बनाये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि ग्राम में सड़क, नाली एवं सोलर लाइट सहित आदि कार्य तेजी से कराया जाय। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना का ग्राम सचिवालयों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दियें, जिससे लाभार्थी को योजना का लाभ लेने में किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े
मण्डलायुक्त ने विस्तृत कार्ययोजना बनाकर जनपद में चकमार्गों को मनरेगा के माध्मय से आवागमन के योग्य बनाये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने कौशल विकास मिशन की समीक्षा के दौरान केला के रेशों से विभिन्न उत्पाद बनाने से सम्बन्धित प्रशिक्षण कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।

उन्होंने डी0पी0आर0ओ0 से कहा कि सभी सामुदायिक शौचालय क्रियाशील रहें, किसी में भी ताला बन्द होने की शिकायत न आने पाये। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को मनरेगा के तहत 90 मानव दिवस का भुगतान समय से सुनश्चित किया जाय। उन्होंने निमार्णाधीन थाना मंझनपुर का निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दियें।

मण्डलायुक्त ने जनपद में डेगॅू के मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद की सड़कों को गड्ढामुक्त किये जाने की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि सप्ताह में 02 बार सड़क गड्ढामुक्त होने की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर सम्बन्धित सड़कों का सत्यापन करा लिया जाय। उन्होंने जनपद में गेहूॅ क्रय के लिए अब तक की गयी कार्यवाहियों की समीक्षा के दौरान कहा कि क्रय केन्दों को सुगमतापूर्वक संचालित किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। उन्होंने प्रयागराज से कौशाम्बी (उत्खनन स्थल) को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए अब तक की गयी कार्यवाही की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए अधिशासी अभियंता को भूमि अधिग्रहण आदि कार्यवाही तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दियें। बैठक में नहरों में टेल तक पानी पहॅुचने की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, सिंचाई ने बताया कि सभी नहरों में टेल तक पानी पहॅुच गया था, जिस पर मण्डलायुक्त ने किसानों एवं सम्बन्धित बी0डी0ओ0 से जॉच कराकर सत्यापन कराने के निर्देश दियें। बैठक में जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में राशन की दुकानों पर घटतौली के सम्बन्ध में कार्यवाही की गयी है, जिस पर मण्डलायुक्त ने की गयी कार्यवाही की विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर एवं सभी उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

मंझनपुर पुलिस ने स्कूली छात्र छात्राओं को यातायात और सुरक्षा के तौर तरीकों से कराया रूबरू

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। यातायात माह के अवसर पर मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह अपने साथ उपनिरीक्षक महिला सिपाहियों और सिपाहियों को लेकर स्कूल कॉलेजों में गोष्ठी आयोजित कर रहे हैं स्कूल और कॉलेज के छात्र छात्राओं को वह यातायात के नियमों से अवगत कराते हुए सुरक्षित चलने की सलाह दे रहे हैं समदा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में कोतवाल ने कैंप आयोजित कर कहा कि सड़क पर हमेशा बाए चलें और चौराहा पार करते समय दाएं बाएं देखकर तभी चौराहा पर करें उन्होंने कहा कि कभी भी दौड़ कर सड़क पर ना चले इससे दुर्घटना हो सकती है मम्मी पापा से प्यार करते हैं तो

छात्राओं को यातायात की जानकारी देते मंझनपुर कोतवाल।

यातायात नियमों का पालन जरूर करें इस मौके पर महिला सिपाहियों ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि आपको रास्ते में कोई गलत जगह पर टच करता है तो पुलिस से जरूर बताएं सुरक्षा और यातायात के नियमों से स्कूली छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया है और कानून का पाठ पढ़ाया गया इस मौके पर उप निरीक्षक योगेश यादव प्रधानाध्यापक भोलानाथ चौधरी शिक्षक संजय यादव बंदना सिंह सुनैना गुप्ता सहाव आलम राजीव निर्मल पुष्पेंद्र सिंह महिला सिपाही शीला देवी रानी सिंह कल्पना बघेल विद्या यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे

काली मंदिर में लगा बरगद पेड़ को दबंगो में उखाड़ा

करारी कौशांबी। करारी कोतवाली के पवारा गांव के पास काली माता की मंदिर प्रांगण में प्रधानपति ने बरगद का पौधारोपण किया था सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवा दिया था। लेकिन गांव के ही कुछ अराजकतत्वों द्वारा बरगद के पेड़ को उखाड़कर गड्ढे में फेंक दिया और ट्री गार्ड भी घर उठा ले गए। सुबह इसकी सूचना जब ग्राम प्रधानपति को हुई तो उन्होंने अर्का महावीरपुर चौकी में शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया है। करारी थाने के पवारा गांव निवासी रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव प्रधानपति ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि मंदिर प्रांगण में बरगद का पेड़ लगाया गया था आवारा पशुओं से सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाया गया था। गांव के दबंगों ने टी गार्ड और बरगद का पेड़ उखाड़ दिया है

सहस्त्र चंडी महायज्ञ में उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़

दुर्गा मंदिर मंझनपुर में बह रही है भक्ति की बयार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मंझनपुर नगर क्षेत्र के प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में सहस्त्र महा चंडी यज्ञ के आयोजन में प्रतिदिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है सुबह से लेकर देर रात हजारों भक्त सतचंडी महा चंडी यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं शाम से देर रात्रि तक प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन दुर्गा मंदिर परिसर में हो रहा है जहां हजारों भक्त सहस्त्र महा चंडी यज्ञ का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं मंझनपुर कस्बे में सहस्त्र महा चंडी यज्ञ का आयोजन 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है काशी के विद्वान पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण किया जा रहा है 7 नवंबर तक प्रतिदिन सहस्त्र चंडी महा यज्ञ का जाप पूजन भजन कीर्तन दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहा है पूरा मंझनपुर नगर क्षेत्र भक्ति में डूबा है मंझनपुर

सहस्त्रचंडी महा यज्ञ में आरती करते विद्वान ब्राह्मण और जजमान।

दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित सहस्त्र महाचंडी यज्ञ के आयोजन को देखकर ऐसा लगता है कि जैसे धरती पर स्वर्ग उतर आया है हजारों बच्चे बूढ़े महिला पुरुष सभी मंदिर में परिक्रमा कर मां भगवती का गुणगान कर रहे हैं जिधर देखो उधर मंत्रोचारण और मां के जयकारे के नारे से वातावरण गूंज रहा है कार्यक्रम आयोजकों में संरक्षक बैजनाथ प्रसाद केसरवानी उर्फ कल्लू पत्रकार अध्यक्ष प्रेमचंद चौधरी उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार राजन बाबू आनंद कुमार केसरवानी उर्फ अन्नू कपड़ा वाले मुकुंदी लाल केसरवानी अंकित केसरवानी नरेश चंद्र केसरवानी रमेश चंद्र केसरवानी लखन लाल केशरवानी बर्तन वाले अशोक केसरवानी सोनू केसरवानी उमेश केशरवानी रामु शिवम केसरवानी उर्फ जानू के साथ-साथ सहस्त्र महा चंडी यज्ञ के यजमान हरीश चंद्र मोदनवाल सुरेंद्र कुमार केसरवानी राजेश कुमार केसरवानी उमाशंकर केसरवानी पुरुषोत्तम लाल नामदेव सपत्नी पूरे दिन मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में योगदान दे रहे हैं।

कई दिन बीते बाइक चोरी का नहीं खुला राज

कौशांबी मंझनपुर। कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर ग्राम सभा में अंकुर त्रिपाठी की बाइक घर के बरामदे से चोर उठा ले गए थे बाइक चोरी करने की सीन सीसीटीवी कैमरे में कैद है फुटेज पुलिस को दी गई है सीसीटीवी की फुटेज पुलिस ने अन्य लोगों को भी दिखाई है पुलिस ने चोर को खोजने का प्रयास किया है लेकिन उसके बाद भी बाइक चोरी करने वाले का सुराग नहीं लग सका है।

अमृतकाल सरदार पटेल के सपनों के भारत के नवनिर्माण का है: सांसद

आजादी का अमृत महोत्सव और सरदार वल्लभभाई पटेल पर आधारित दो दिवसीय जनजागरूकता अभियान एवं चित्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश में किए अमूल्य व अतुलनीय योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा सोमवार को दुर्गा देवी इण्टर कालेज ओसा, मंझनपुर में एक विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों में एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें दुर्गा देवी इण्टर कालेज के अलावा कई कालेज के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत सांसद विनोद कुमार सोनकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद द्वारा उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरदार पटेल सिर्फ इतिहास में ही नहीं, बल्कि हम देशवासियों के हृदय में भी हैं। पटेल जी भारत की अखंडता के प्रति, अखंड भाव के प्रतीक हैं। सरदार पटेल ने देशहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। आजादी का ये अमृतकाल, विकास की अभूतपूर्व गति का है, कठिन लक्ष्यों को हासिल करने का है। ये अमृतकाल सरदार पटेल के सपनों के भारत के नवनिर्माण का है। सांसद विनोद सोनकर को उप निदेशक आरिफ रिजवी ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया

फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते सांसद।

अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अभियान केन्दीय संचार ब्यूरो के उप निदेशक आरिफ हुसैन रिजवी ने बताया कि समेकित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जारी जनजागरूकता अभियान क्रम में आयोजित चित्र प्रदर्शनी में लौह पुरूष सरदार पटेल जी के जीवन पर आधरित चित्रों का प्रदर्शन किया गया है जिसमे उनके बचपन, गांधी जी से प्रशिक्षण, सफल वैरिस्टर, निडरता, कर्मठता, किसानों के हितैषी और आधुनिक भारत के नवनिर्माण में योगदान की जानकारी युक्त चित्र प्रदर्शित किए गये हैं। आजादी का अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता आंदोलन की जुड़ी ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे डांडी यात्रा ,नमक सत्याग्रह, जलियां वाला बाग नरसंहार, यूरोपीय, व्यापरीयों का भारत आगमन, खिलाफत आंदोलन, साइमन कमीशन वापस जाओ, नेताजी सुभाष चंद्रबोस का योगदान, खेड़ा सत्याग्रह, चैरी-चैरा की घटना, आजादी की पहली लड़ाई, बंदेमातरम का उदघोष, राष्ट्रीय जागरण की लहर, चम्पारण सत्याग्रह के चित्र लगाए गये हैं।

कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो के सहायक राम मूरत विश्वकर्मा द्वारा खुली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सही जवाब देने वाले 10 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ के पंजीकृत जादूगर रवीन्द्र कुमार एण्ड पार्टी प्रयागराज एवं शिल्पी कठपुतली कला केन्द्र प्रतापगढ़ ने संदेशमूलक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से चुन्नी लाल प्रधानाचार्य, भूपेन्द्र सिंह चेयरमैन डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक, अजय कुमार त्रिपाठी, कमलेश कुमार सोनकर, राम सुन्दर सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद, राम किरन त्रिपाठी प्रधानाचार्य धर्मा देवी इण्टर कालेज, राम केसन सिंह प्रधानाचार्य राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, राम बाबू केसरवानी, श्यामबाबू यादव, अवध कुमार, श्याम लाल, बच्चा लाल आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद की मासिक बैठक सम्पन्न

आँवला के नीचे ब्राम्हणो को कराया गया भोज

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद की मासिक बैठक सोनवारा गाँव मे सम्पन्न हुई बैठक में ब्राह्मणों के संगठन को लेकर गहन चर्चा हुई इस मौके पर उपस्थित ब्राह्मणों ने एक स्वर में कहा है कि किसी भी कीमत पर ब्राह्मणों का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा इसके बाद कार्तिक माह में एकादसी के दिन आँवला के पेड़ के नीचे सभी ब्राम्हणो को भोजन भी कराया गया यह कार्यक्रम मुख्य संयोजक रत्नेश त्रिपाठी व अनमोल त्रिपाठी सोनवारा की तरफ से किया गया है कार्तिक माह में आंवला के नीचे भोजन करने का विशेष महत्व होता है कार्यक्रम में संगठन की मजबूती के विषय पर गहन चर्चा की गई कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी जिला प्रमुख अजय मिश्र अमित त्रिपाठी उर्फ सोनू अंकित त्रिपाठी एडवोकेट नीतीश मिश्रा आशीष त्रिपाठी गुड्डू चंद्रकांत पांडेय रत्नेश त्रिपाठी हरिमोहन त्रिपाठी राम मोहन त्रिपाठी योगेंद्र त्रिपाठी कृष्णा मिश्रा पूर्व प्रधान बेरौचा मुकेश त्रिपाठी राहुल मिश्रा पूर्व प्रधान आशीष त्रिपाठी आदि सैकड़ो ब्राम्हण उपस्थित रहे

डायट में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं बचाव विषय पर हुई कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर,के सभागार में बुधवार को अनिल कुमार उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं बचाव विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अनिल कुमार प्राचार्य द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।उप शिक्षा निदेशक द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।उन्होंने कहा जब हम मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं तो हम अपने जीवन और पर्यावरण तथा उसमें मौजूद लोगों का आनंद लेते हैं। हम रचनात्मक हो सकते हैं,सीख सकते हैं, नई चीजों को करने की कोशिश कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हम जोखिम उठा सकते हैं हम उस दुख और गुस्से को भी महसूस करते हैं,जो किसी प्रियजन की मृत्यु, नौकरी में कमी, नौकरी का न लगना या रिश्ते की समस्याओं और अन्य घटनाओं के साथ हो सकता है,लेकिन समय के साथ हम एक बार फिर से अपने जीवन का आनंद ले सकते हैं। हमारे मानसिक स्वास्थ्य को पोषण करने से हमें मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने या रोकने में मदद मिल सकती है। किसी भी कार्य को योजना बना कर करने से, सफल होने की संभावना बढ़ जाती है।

वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती भारती त्रिपाठी ने अकादमिक तनाव एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में सभी प्रशिक्षुओं को विस्तृत रूप से बताया कि हम तनाव को टाइम मैनेजमेंट कर,कम कर सकते हैं। तत्पश्चात डॉक्टर संदीप तिवारी प्रवक्ता अंग्रेजी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 में मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता डॉ वंदना सिंह द्वारा संवेगो की मानसिक स्वास्थ्य में भूमिका पर चर्चा किया गया, उन्होंने बताया कि किस तरह संवेग मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं तथा संवेग पर हम कैसे नियंत्रण कर सकते हैं। मुख्य वक्ता ने पॉजिटिव हारमोंस एवं हम अपने जीवन में कैसे अधिक से अधिक खुश रहें ,इस पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।डॉ अनामिका सिंह प्रवक्ता गृह विज्ञान ने आहार और मानसिक स्वास्थ्य एवं विवेचनात्मक अध्ययन पर विचार रखते हुए कहा कि पोषण स्वास्थ्य को प्रभावित करता है उचित पोषण, खानपान के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना आवश्यक है। धन्यवाद ज्ञापन ए0 के0 श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रवक्ता द्वारा दिया गया।कार्यशाला का संचालन एवं मिनट 2 मिनट संचालन श्री सुरेश चंद्र मिश्रा प्रवक्ता जीव विज्ञान द्वारा किया गया। इस अवसर वरिष्ठ प्रवक्ता सुश्री रिफत मलिक सहित प्रवक्तागण डॉ अरमा देवी,डॉ0 देवेंद्र कुमार मिश्र धीरज कुमार, विपिन कुमार राजेंद्र भारतीय शबीह मुस्तफा एव सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे

माता शीतला कड़ाधाम दरबार का कपाट 08 नवम्बर को बन्द रहेंगा

कौशाम्बी(अध्यक्ष, मन्दिर प्रबन्धन समिति, कड़ा धाम श्री उदयन नारायण पाण्डेय ने अवगत कराया है कि दिनांक 08 नवम्बर 2022 को चन्द्र ग्रहण लगेंगा। सनातन परम्परानुसार चन्द्र ग्रहण की स्थिति में 09 घंटे पूर्व सूतक प्रारम्भ हो जाता है, जिससे समस्त छोटे बड़े मन्दिर, देवालय एवं तीर्थों के कपाट दर्शन एवं मूर्ति स्पर्श के लिए बन्द कर दिये जाते हैं। उन्होंने बताया कि आदिशक्तिपीठ मॉ जगत जननी माता शीतला कड़ाधाम दरबार के कपाट दिनांक 08 नवम्बर 2022 को बन्द रहेंगा।

बाइक सवार घोड़ी से टकराकर हुए घायल

हर्रायपुर कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी के अंतर्गत मेला पार्क के पास शराब के नशे में बाइक सवार तीन लोग घोड़ी से टकरा कर गिर गए है जिससे तीनो घायल हो गए घायलों को मूरतगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया

जानकारी के अनुसार विजय उम्र 27 वर्ष पुत्र लाल बहादुर निवासी पड़री का पुकरा थाना मंझनपुर रमेश पटेल उम्र 32 वर्ष पुत्र लालचंद पटेल ग्राम मितुवापुर थाना कोखराज अपने साथी नन्दकिशोर पुत्र सुगना बाबू निवासी ग्राम अचाकापुर थाना सैनी के साथ एक बाइक में सवार होकर कहीं जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के मेला पार्क के पास पहुंचे घोड़ी से टकरा गये बताया जाता है कि वह शराब के नशे में बाइक चला रहे थे तभी अचानक घोड़ी रोड पर आ गई जिससे मौके पर टकरा कर बाइक सवार घायल हो गए मूरतगंज चौकी इंचार्ज राकेश कुमार राय को जानकारी मिली वह आपने सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों को मूरतगंज सीएचसी में भर्ती कराया है

आजादी का अमृत महोत्सव और पटेल पर आधारित दो दिवसीय जनजागरूकता अभियान सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा दुर्गा देवी इण्टर कालेज ओसा, मंझनपुर में आजादी का अमृत महोत्सव और राष्ट्रीय एकता पर लगायी गयी दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी मंगलवार को सम्पन्न हो गयी। कार्यक्रम के दौरान चिकित्साधिकारी मंझनपुर डा. संदीप कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि चित्रों के माध्यम से दी गयी जानकारी छात्र-छात्राओं को जल्दी समझ में आती है। वर्तमान में इस तरह की चित्र प्रदर्शनी नव युवकों के ज्ञानवर्धन के लिए बहुत ही उपयोगी है।

कालेज के प्रधानाचार्य चुन्नी लाल ने इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी में लौह पुरूष सरदार पटेल जी के जीवन पर आधरित चित्रों का प्रदर्शन किया गया है जिसमें आजादी का अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता आंदोलन की जुड़ी ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे डांडी यात्रा, नमक सत्याग्रह, जलियां वाला बाग नरसंहार, यूरोपीय, व्यापरीयों का भारत आगमन, खिलाफत आंदोलन, साइमन कमीशन वापस जाओ, नेताजी सुभाष चंद्रबोस का योगदान, खेड़ा सत्याग्रह, चौरी-चौरा की घटना, आजादी की पहली लड़ाई, बंदेमातरम का उदघोष, राष्ट्रीय जागरण की लहर, चम्पारण सत्याग्रह के चित्र लगाए गये हैं। इस प्रदर्शनी से छात्र छात्राओं ने अच्छी जानकारी प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो के उप निदेशक आरिफ रिजवी द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो के सहायक राम मूरत विश्वकर्मा द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राहुल दिवाकर, अनिल, तरूण, आंचल, आभाष, पूजा, सौरभ, गरिमा, जगदीश, नीरज को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जादूगर रवीन्द्र कुमार एण्ड पार्टी प्रयागराज तथा शिल्पी कठपुतली कला केन्द्र प्रतापगढ़ के कलाकारों ने संदेशमूलक व ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से डॉ0 किरन चिकित्साधिकारी, मुकेश विद्यार्थी, साधना गौतम, अशोक सिंह, विष्णु कमार, श्याम बाबू केसरवानी प्रवक्ता, चन्द्र प्रकाश शुक्ल प्रवक्ता, छोटे लाल प्रवक्ता, समाशंकर पाण्डेय प्रवक्ता, लाल बिहारी, कमलेश कुमार, रामदास, खेल सचिव श्याम लाल आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

नगर पंचायत कर्मचारी के घर होती है फॉगिंग आम जनता डेंगू जैसी बीमारी से परेशान

अखंड भारत संदेश

चायल कौशाम्बी। नगर पंचायत चायल में फॉगिंग के नाम पर ढकोसला हो रहा है पूरे नगर क्षेत्र में डेंगू की बीमारी से आम जनमानस परेशान है आए दिन डेंगू की बीमारी से लोगों की मौत हो रही है और तमाम लोग अस्पताल में जीवन और मौत से संघर्ष कर रहे हैं लेकिन नगर क्षेत्र में डेंगू से बचाव के लिए नाली नाला आम जनमानस के घरों के आसपास फागिंग नगर पंचायत नहीं करा पा रहा है फोटो खिंचवाने के लिए केवल कर्मचारियों द्वारा नाटक बाजी कर कर्मचारियों के घर में फागिंग छिड़काव किया जा रहा है और फागिंग की सफलता का ढिढोरा केवल कर्मचारी पीट रहे हैं जिसके चलते नगर पंचायत चायल क्षेत्र में डेंगू की बीमारी में रोक लगती नहीं दिख रही है

खाटूश्याम की जयंती पर निकली झांकी

कौशाम्बी। खाटू श्याम की जयंती पर नगरपालिका के ज्योतिबा फूले नगर हाजीपुर पतौना चौराहे में भव्य झांकी का आयोजन किया गया, भोग चढ़ाया गया। श्याम जन्मोत्सव पर इस बार बाबा श्याम मंदिर द्वार पर लड्डू गोपाल और मुरलीधर कन्हैया की झांकी सजाई गई है। इस मौके पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंच कर प्रसाद चखा। आयोजक मण्डल में प्रमुख रूप से कमलेश मौर्या, मनीष तिवारी, ज्ञानेद्र साहू रहे।

संपादकीय

भारत में शिक्षा की दुर्दशा

भारत में शिक्षा की कितनी दुर्दशा है, इसका पता यूनेस्को की एक ताजा रपट से चल रहा है। 75 साल की आजादी के बावजूद एशिया के छोटे-मोटे देशों के मुकाबले भारत क्यों पिछड़ा हुआ है, इसका मूल कारण यह है कि हमारी सरकारों ने शिक्षा और चिकित्सा पर कभी समुचित ध्यान दिया ही नहीं। इसीलिए देश के मुट्ठीभर लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं और निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवाते हैं। देश के 100 करोड़ से भी ज्यादा लोगों के बच्चे उचित शिक्षा-दीक्षा से और वे लोग पर्याप्त चिकित्सा से वंचित रहते हैं। यूनेस्को ने भारत में खोज-पड़ताल करके बताया है कि देश के 73 प्रतिशत माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना पसंद नहीं करते हैं, क्योंकि वहां पढ़ाई का स्तर घटिया होता है। वहां से पढ़े हुए बच्चों को ऊंची नौकरियां नहीं मिलती हैं, क्योंकि उनका अंग्रेजी ज्ञान कमजोर होता है। हमारी सरकारों के निकम्मेपन के कारण आज तक सरकारी नौकरियों में अंग्रेजी अनिवार्य है। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े हुए बच्चे बड़े होकर या तो सरकारी नौकरियां हथियाने या फिर अमेरिका और कनाडा भागने के लिए आतुर रहते हैं। गैरसरकारी स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों की फीस 50-50 हजार रुपेय महीना तक है। आजकल अस्पताल और ये शिक्षा-संस्थाएं देश में ठगी के सबसे क्रूर ठिकाने बन गए हैं। देश के गरीब, ग्रामीण, पिछड़े और आदिवासी लोग समुचित शिक्षा और चिकित्सा के बिना ही अपना जीवन गुजारते रहते हैं। सरकारी स्कूल और अस्पताल भी उनकी सेवा सरल भाव से नहीं करते। देश के 90 प्रतिशत स्कूल फीस वसूली के दम पर जिन्दा रहते हैं। देश में 29600 स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है। 4 हजार से ज्यादा मदरसे भी इसी श्रेणी में आते हैं। इन स्कूलों से निकलने वाले छात्र क्या नए भारत के निर्माण में कोई उल्लेखनीय योगदान कर सकते हैं? यदि हम शिक्षा के मामले में भारत की तुलना दक्षेस के हमारे पड़ोसी सातों देशों से करें तो उक्त पैमाने पर वह अफगानिस्तान के सबसे करीब है लेकिन वह श्रीलंका, भूटान और पाकिस्तान से भी बहुत पिछड़ा हुआ है। दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा राष्ट्र भारत है। प्राचीन भारत की शिक्षा-व्यवस्था जग प्रसिद्ध रही है। चीन, जापान और यूनान से सदियों पहले लोग भारत इसीलिए आया करते थे कि यहां की शिक्षा-प्रणाली उन्हें सर्वश्रेष्ठ लगा करती थी।

निठल्लों का औजार, सोशल मीडिया

संजीव ठाकुर

जैसा की किताब का नाम ही है उससे स्पष्ट परिलक्षित होता है कि यह कृति घर द्वार और आमदनी की वृत्तियों से फुर्सत पाए निठल्लों पर पर केंद्रित ही है, निठल्लों का औजार सोशल मीडिया है या निठल्ला करने का औजार सोशल मीडिया है। सृजन मनुष्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं उपदिय कार्य है, मेरी अवधारणा है कि साहित्य में ही सृजक व्यंग्यकार आलोचक से श्रेष्ठ होता है और यहां भी व्यंग्यकार आलोचक से बड़ा ही है। वह इस किताब के माध्यम से साहित्यिक परिवेश में सृजनात्मक प्रतिभा के धनी हैं साथ ही समाज के हर पहलू पर सार्थक गंभीरता के साथ प्रस्फुटित हुए हैं। वैसे मेरा यह मानना है जो सर्जक अपने विषय वस्तु का चयन बुद्धिमानी करता है उसे ना तो शब्दों और ना ही प्रांजल विन्यास में कठिनाई अथवा असफलता मिलती है, किसी नवीन साहित्यकार निर्माण से मस्तिष्क की उपादेयता सोच का समन्वयात्मक दृष्टिकोण को एकीकृत करके ही पूर्ण किया जा सकता है। पूर्व से ही स्थापित साहित्यिक सिद्धांतों को प्रतिपादित कर स्वच्छ वैचारिक अवधान से ही कवि, कथाकार और व्यंग्यकार कुछ कर सकता है। संभवत इसके लिए भाषा का शुद्ध होना ,प्रांजल बोधगम्य एवं प्रभाव युक्त होना अत्यंत आवश्यक तत्व होते हैं, जो इस व्यंग में स्थापित होते दिखाई दे रहे हैं। साहित्य में कोई भी रचना किसी उद्देश्य को लेकर लिखी जाती है और व्यंग तो खासकर समाज में व्याप्त चारों तरफ विसंगतियों कुरीतियों और सर्व व्याप्त अराजकता को इंगित करने और दशार्ने हेतु एक संदेश देने के लिए लिखा जाता है, जाहिर है विसंगतियां और समाज की कुरीतियों द्वारा द्वारा अपनी कार्यप्रणाली से ही पैदा की जाती है तो निशाना वर्तमान सरकार और शासन प्रशासन, और राजनीतिक दल ही होता है इसे धारा के विपरीत या बहती हवा के खिलाफ लिखा जाना कहा जाता है। इस कृति में व्यंग्यकार ने अपनी लेखनी व्यंग पर पूर्ण अधिकारिता के साथ चलाइ है,उनके लेखन में लयात्मकता के साथ आधुनिकता है कटाक्ष के प्रतिपादक तो है ही पर नवीन बोधगम्यता और ऊर्जा के साथ उन्होंने अपरिचित एवं नवीन शब्दों का प्रयोग अद्भुत तरीके से किया है। वाक्य संरचना काफी कलात्मक है सही शब्दों के प्रयोग के साथ उपयुक्त स्थलों पर प्रयोग व्यंग्य की प्रासंगिकता को दुगना करती इस व्यंग के प्रयोजनों में आनंद एवं सामाजिक संदेश की अवधारणा भी है। लेखक के शास्त्र वादी होने के साथ कलात्मकता भी व्यंग्य और कटाक्ष में पूर्ण संभावित दिखाई देती है। उनका लेखन पूर्ववर्ती लेखकों के अनुकरण के साथ नवीन सृजन प्रधान भी है। वस्तुतः व्यंगकार यथार्थ परख सामाजिक दृष्टि के साथ और उसके प्रभाव की नई प्रवृत्ति का प्रवर्तन करता है। अपने व्यंग वर्चुअल मीटिंग में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है की डिजाइनर मास्क तथा फैशन शो का आगाज हो चुका है और करोना कॉल में ऑनलाइन कार्यक्रमों की भरमार हो चुकी है कवियों लेखकों की संख्या टिड्डी दल की तरफ बढ़ गई है। उनके व्यंग में असामाजिक असंगति के प्रति निर्मम व्यंग एवं अनुभूत आक्रोश का भाव भी अति स्पष्ट है।

विकसित भारत का प्रण और प्रधानमंत्री

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

भारत कभी विश्व गुरु था। ब्रिटिश काल तक विश्व व्यापार में अधिकांश हिस्सा भारत का हुआ करता था। प्राचीन भारत में ज्ञान-विज्ञान और शिक्षण संस्थानों के अनगिनत केंद्र थे। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन सभ्यता संस्कृति भारत की है। पिछले आठ वर्षों में देश का नेतृत्व राष्ट्रीय गौरव की इसी भावना के अनुरूप कार्य कर रहा है। वह तत्व पुनर्जीवित हो रहे हैं, जिन्होंने भारत को विश्व गुरु पद पर विभूषित किया था। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत में आज भी विकसित बनने की पूरी क्षमता है। देश के वर्तमान नेतृत्व ने इस क्षमता को पहचाना है। इसी प्रक्रिया में ही बाधक तत्वों की पहचान हुई है। सेक्युलर राजनीति के नाम पर देश को आत्म गौरव से विहीन बनाया गया। परिवार आधारित पार्टियों को भी ऐसी ही राजनीति पसन्द थी। लेकिन अब देश में राष्ट्रीय गौरव का संचार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से विकसित भारत के लिए पांच प्रण का महत्व रेखांकित किया। हमको भारतीय विरासत पर गर्व करना चाहिए। वैश्विक समस्याओं का समाधान भारतीय चिंतन के माध्यम से सम्भव है। भारत लोकतंत्र की जननी है। इसका भी देश को गर्व होना चाहिए। दासता के किसी भी निशान को हटाना, विरासत पर गर्व, एकता और अपने कर्तव्यों को पूरा करना सभी का दायित्व है। इससे भारत को विकसित बनाया जा सकता है। पंच प्रण पर अपनी शक्ति, संकल्पों और सामर्थ्य को केंद्रित करना आवश्यक है। भ्रस्टाचार और परिवार वाद भारत को विकसित बनाने की राह में सबसे बड़े बाधक है। देश के हर संस्थान में परिवारवाद को पोषित किया गया है। विश्वस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में देश के खिलाड़ियों को पहले से अधिक पदक मिल रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने ठीक कहा कि यह प्रतिभाएं पहले भी भारत में थीं, लेकिन भाई भतीजावाद के कारण वह नहीं उभर पायीं। भारत को विकसित बनाने के मार्ग में दूसरी सबसे बड़ी बाधा भ्रष्टाचार है। इसमें भी परिवारवादी पार्टियों पर सर्वाधिक आरोप लगते हैं। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। उससे देश को लड़ना ही होगा। सरकार का प्रयास है कि जिन्होंने देश को लूटा है, उनको लूट का धन लौटाना पड़े। मोदी सरकार ने व्यवस्था में व्यापक सुधार किया है।चालीस करोड़ जनधन खाते खोले गए। विगत आठ वर्षों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के द्वारा आधार, मोबाइल जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करते हुए देश के दो लाख करोड़ रुपये को गलत लोगों के हांथों तक जाने से रोक दिया गया। आत्मनिर्भर अभियान भी भारत को विकसित बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इसमें निजी क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। पीएलआई योजनाओं के माध्यम से हम दुनिया के विनिर्माण बिजलीघर बन रहे हैं। लोग मेक इन इंडिया के लिए भारत आ रहे हैं। मोदी ने लाल किले की प्राचीर से विकसित भारत के पंच प्रण का उद्घोष किया था। पंच प्राण के माध्यम से भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया था। 'पंच प्रण' में देश को विकसित भारत के रूप में आगे बढ़ाने, गुलामी के सभी निशान मिटाने, भारत की विरासत पर गर्व करने, देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना और देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों का संकल्प शामिल है। अमृत काल के लिए प्रधानमंत्री के 'पंच प्रण' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और जागरुकता लाने के लिए पिछले दिनों हिन्दुस्थान समाचार बहुभाषी न्यूज एजेंसी और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने संयुक्त रूप से 'दीपोत्सवः पंच प्रण' कार्यक्रम की शृंखला प्रारंभ की थी। ्री विद्याएं तोड़ने और दैवीय विद्याएं जोड़ने का काम करती है। सबके सुख की कामना करने से ही विकसित भारत कहलाएगा। तभी भारत विश्वगुरु बनेगा। आरिफ मोहम्मद ने कहा कि अनेक सभ्यताएं इस बात का दम्भ भरती हैं कि उन्होंने भारत पर आक्रमण कर और यहां राज कर हमें सभ्य बनाया। सच्चाई यह है कि वे सभ्यताएं जिस समय बर्बर थीं, जीने का रास्ता तलाश रही थीं उस समय भारत भूमि अपनी ज्ञान सम्पदा के दम पर ह्यसोने की चिड़ियाह्न थी। अतीत में भारत ह्यसोने की चिड़ियाह्न इसलिए नहीं था कि अकूत धन संपदा हमारे पास थी, बल्कि हम ज्ञान का केंद्र थे। भारतीय दर्शन का मानना है कि जिसने ज्ञान प्राप्त कर लिया, ब्रह्म को प्राप्त कर लिया उसे इस सम्पदा को साझा करने की भूख जग जाती है। कुछ लोग कहते हैं कि उन्होंने भारत पर राज किया और ताज महल, लाल किला दिया, उन्हें यह जानना चाहिए कि अरब में पैगम्बर हजरत मुहम्मद ने बहुत पहले ही कहा था कि भारत भूमि से ज्ञान की ठंडी हवा के झोंके आ रहे हैं। अतीत में यह हमारी ज्ञान, संपदा की देन थी। विश्व के हर विद्वान ने जो दुनिया के इतिहास पर जो कुछ भी लिखा है उसमें सबसे पहले एक बड़ा हिस्सा भारत पर रचा-पढ़ा गया। भारत इकलौता देश है जो ज्ञान और प्रज्ञा के संवर्धन के लिए जाना जाता है। एस गुरुमूर्ति ने कहा कि समय की आवश्यकता है कि हम भारत को समझें।

मोदी सरकार ने व्यवस्था में व्यापक सुधार किया है।चालीस करोड़ जनधन खाते खोले गए। विगत आठ वर्षों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के द्वारा आधार, मोबाइल जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करते हुए देश के दो लाख करोड़ रुपये को गलत लोगों के हांथों तक जाने से रोक दिया गया

'पंच प्रण' का विचार तभी साकार होगा जब हम भारत के बारे में फैले भ्रम का निवारण करेंगे। जिस भारत को हम जानते हैं वह प्रोपेगंडा पर आधारित है। हम अपने भारत के गौरवशाली इतिहास से अनभिज्ञ हैं। भारत केवल आध्यात्मिक शक्ति के तौर पर ही समृद्ध नहीं रहा, बल्कि अर्थशास्त्र, विज्ञान, सामाजिक व्यवस्था के विषयों में भी यूरोप और अन्य सभ्यताओं से अधिक आगे रहा था। भारत की आर्थिक व्यवस्था बेहद मजबूत थी और इसने कभी धर्म के नाम पर कत्लेआम नहीं किया। विश्व की आबादी का अठारह प्रतिशत हिस्सा हमारे पास है, धरती का दो प्रतिशत भू-क्षेत्र हमारे पास है और विश्व में सबसे ज्यादा पशुधन हमारे पास है। दुनिया भर में होने वाले मांस की खपत में हम सबसे कम है। स्वामी चिन्मयानंद ट्रस्ट के प्रमुख स्वामी प्रकाशानन्द ने कहा कि हमारे वेद-शास्त्रों में कर्तव्यपूर्ति का जितना ज्ञान घर-घर पहुंचेगा उतना ही हमारा समाज सशक्त होगा। एक सशक्त समाज ही मजबूत और विकसित राष्ट्र तैयार करता है।

नागरिक के रूप में हमारा कर्तव्य है कि अपने आसपास की समस्या, समाज की समस्या के लिए सरकार और प्रशासन पर ही निर्भर न रहें, बल्कि एकजुट होकर राह की हर चुनौती का सामना करें। जीवन में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इसका व्यापक ज्ञान हमारे वेदों में है। वेदों में दिए कर्तव्य बोध के ज्ञान को धर्मशास्त्र कहते हैं। इसलिए वेदों को पढ़ना आवश्यक है। राष्ट्र की संस्कृति का आधार कर्तव्यबोध पर आधारित है।

श्रीराम ने वनवास के दिन ही संसार को निश्चरहीन करने का संकल्प लिया था। यह कर्तव्यबोध है। कर्तव्यबोध से परिपूर्ण होना बहुत आवश्यक है। इससे भारत अपने पुराने वैभव पर लौटेगा। हमारा डीएनए एक है। हिन्द, हिन्दू और हिंदुत्व से ही दुनिया में शांति है। इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत तीर्थों, त्योहारों और मेलों का देश है। तीर्थ, त्योहार और मेले ही एकता और एकात्मता का मार्ग है। ये हमें कपड़ा, रोटी, छत और संस्कार देते हैं, इसलिए भारतीय मानवता और जीवन मूल्य सर्वश्रेष्ठ है। मेलों और त्योहारों से करोड़ों लोगों को रोजगार, रोटी मिलती है। कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिलता है। एक ही कुल और डीएनए के होने के बाद भी कंस राक्षस कहलाए तो श्रीकृष्ण भगवान बन गए। हम अपना धर्म बदल सकते हैं पूर्वज नहीं बदल सकते। भोग में सम्मान हो सकता है, पूजा नहीं हो सकती। त्याग में पूजा होती है। इसी बल पर भारत विश्वगुरु बना।

त्रिकोणीय गुजरात चुनाव में मतपेटियां ही राज खोलेंगी

ललित गर्ग

चुनाव आयोग द्वारा गुरुवार को गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक सरगर्मिया उग्र हो गयी है। किसी भी राष्ट्र एवं प्रांत के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। गुजरात की जनता इन चुनावों में किसकों तिलक करेंगी, यह भविष्य के गर्भ में है। भले ही 1995 से ही भाजपा लगातार मजबूती से चुनाव जीतती रही है, क्या इस बार भी वह यह इतिहास दोहरायेगी? कांग्रेस यहां सफल एवं सक्षम प्रतिद्वंद्वी रही है, पिछली बार सत्ता के करीब पहुंचने में वह एक बार फिर चुकी थी, क्या इस बार वह ऐसा कर पायेगी? आम आदमी पार्टी दिल्ली जैसा कोई चमत्कार घटित कर पायेंगी?

इन सवालों के बीच मुख्य टक्कर तो इस बार भी भाजपा एवं कांग्रेस के बीच है, तीसरे मजबूत दल के अभाव को दूर करते हुए आम आदमी पार्टी ने अपनी उपस्थिति से भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को ही कड़ी टक्कर दे रहा है। दोनों ही दलों की इस बार राह कुछ ज्यादा कठिन जान पड़ती है, क्योंकि आप की सफल दस्तक से यहां का चुनावी समीकरण बदलता दिख रहा है, यह चुनाव त्रिकोणात्मक होता दिख रहा है। आप नेता अरविंद केजरीवाल कई महीनों से उग्र प्रचार कर रहे हैं, जिसका असर भी दिखने लगा है। झाड़ू लोगों का भरोसा जीत पाएगी या नहीं, यह कह पाना मुश्किल है। इस बार का चुनाव मजेदार होने के साथ संघर्षपूर्ण होगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार की नकेल डाली जा सकती है। लोगों का विश्वास जीता जा सकता है। सुशासन स्थापित किया जा सकता है।

182 विधानसभा सीटों की यह विधानसभा क्या एक बार फिर भाजपा को सत्ता पर बिठायेगी? यह प्रश्न राजनीतिक गलियारों में सर्वाधिक चर्चा में है। भले ही त्रिकोणात्मक परिदृश्यों में भाजपा की राह भी संघर्षपूर्ण बन गयी है। क्योंकि इस बार के चुनाव नये परिवेश एवं नवीन स्थितियों के बीच त्रिकोणीय होंगे। यहां के पिछले उप-चुनाव भी त्रिकोणीय संघर्ष के संकेत दे रहे हैं। मगर इस संघर्ष में एक तरफ भाजपा है, तो दूसरी तरफ आप और कांग्रेस। मौजूदा स्थिति यही उजागर कर रही है कि यहां भाजपा व दूसरी पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला है। यहां के मतदाता भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं। इसीलिए नजर इस बात पर होगी कि गुजरात चुनावों में दूसरे और तीसरे पायदान पर कौन सी पार्टी कब्जा करती है? भले ही स्थानीय निकाय के चुनावों में, खासकर सूरत के इलाकों में आप ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे उसे नई ऊर्जा मिली है, मगर यह जोश जीत में कितना बदल पाएगा, इस बारे में अभी कुछ भी कहना मुश्किल है। पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने ढाई फीसदी वोट प्रतिशत का इजाफा करते हुए 41.4 प्रतिशत वोट के साथ स्पष्ट बहुमत से 7 सीटें अधिक लेकर 99 सीटें हासिल की एवं सरकार बनायी। उस समय भी मोदी के ही जादू ने असर दिखाया, जादू तो इस बार भी मोदी ही दिखायेंगे। लेकिन एक प्रभावी नेतृत्व एवं आपसी फूट के कारण भाजपा की स्थिति जटिल होती जा रही है। गुजरात में आदिवासी मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, आदिवासी समुदाय के मुद्दों की उपेक्षा एवं आदिवासी नेताओं की उदासीनता के कारण इस बार भी यह समुदाय नाराज दिख रहा है। सीटों के बटवारे के समय उचित एवं प्रभावी उम्मीदवारों का चयन करके इस नाराजगी को दूर किया जा सकता है। आदिवासी समुदाय ऐसा उम्मीदवार चाहता है जो उनके हितों की रक्षा करें एवं आदिवासी जीवन के उन्नत बनाये। इनदिनों आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी का नाम भी उम्मीदवारों की सूची में होने की चर्चा है। ऐसे ही उम्मीदवारों से आदिवासी समुदाय के वोटों को प्रभावित किया जा सकता है।

गुजरात चुनाव में मुद्दें तो बहुत से हैं। मुख्य मुद्दा तो मोरबी में हुआ पुल हादसा बन सकता है। जाहिर है, विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बनाकर भाजपा पर तीखें वार करेंगी। यहां आम मतदाताओं में सत्तारूढ़ दल के प्रति कुछ असंतोष दिखाई देता है। खासकर पेंशन योजना को लेकर, क्योंकि यहां सरकारी कर्मचारियों की संख्या काफी ज्यादा है, जो चुनाव में तुलनात्मक रूप से कहीं ज्यादा असरकारक होते हैं। यही वजह है कि हर चुनाव में यहां सरकारी कर्मचारियों के मूड को भांपने का प्रयास किया जाता है। नाराज कर्मचारियों एवं उपेक्षित आदिवासी समुदाय- इन दो मुद्दों पर सकारात्मक सोच से भाजपा अपनी कमजोर जड़ों की काट कर सकती है। अब तो चुनावी टिकटों का बंटवारा ही एकमात्र हल है। भाजपा ने इसके खिलाफ भी कमर कस ली है। उसने करीब एक-तिहाई मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है और नए चेहरों पर भरोसा किया है। एक और प्रभावी कोशिश में उसने करीब एक साल पहले यहां का पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया था। यहां तक कि नए मुख्यमंत्री की भी ताजपोशी की गई थी। यह सब इसलिए किया गया, ताकि राज्य सरकार के खिलाफ यदि लोगों में कोई असंतोष है, तो उसको दबाया जा सके। साफ है, यहां भाजपा की कोशिश न सिर्फ चुनाव जीतने, बल्कि बड़े अंतर से मैदान मारने की है। गुजरात चुनाव में आप की उपस्थिति एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। भाजपा एवं कांग्रेस में भारी अंतर्कलह है। नतीजतन, कई बागी नेताओं को आप ने टिकट दिये हैं। निश्चित ही ये बागी अपनी पूर्व पार्टी का नुकसान करेंगे। जाहिर है, इससे यहां चुनावी समीकरण नया रूप लेता दिख रहा है, जिससे मुकाबला कांटे का हो सकता है। आप मुकाबले को तिकोना बना रही है। सबकी नजरें इस बात पर हैं कि यह पार्टी भाजपा और कांग्रेस में से किसके कितने वोट काटती है। कांग्रेस का जोर इस बार रैलियों और आम सभाओं के बजाय डोर टु डोर चुनाव अभियान पर है और उसका दावा है कि यह फलित होगा। मगर बीजेपी के पक्ष में सबसे बड़ी चीज है उसकी मजबूत चुनाव मशीनरी, दूसरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वप्रिय छवि और तीसरा गृहमंत्री अमित शाह का करिश्माई चुनावी प्रबन्धन एवं प्रभाव। कांग्रेस के पास ऐसी स्थितियों का सर्वथा अभाव है। किसी दौर में भले ही कांग्रेस यहां मजबूत दल हुआ करती थी, लेकिन अब वह काफी कमजोर लग रही है।

चित्रकूट, में बाघों का स्वागत है!'

मुकुंद

भगवान श्रीराम की तपोभूमि 'चित्रकूट' बाघों के स्वागत के लिए जल्द तैयार होगी। दुनिया में सफेद शेरों की राजधानी के रूप में विख्यात मध्य प्रदेव के रीवा को इसी चित्रकूट जिले की सीमा मानिकपुर से कुछ दूर पर छूती है। मानिकपुर का 'पाठा' पानी के अभाव और दस्युओं के लिए कुख्यात रहा है। इनकी बर्बरता की वजह से उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के चित्रकूट के इसी 'पाठा' को संसार 'मिनी चंबल' भी कह चुका है। रीवा में साल 2016 में सफेद बाघों का दुनिया का पहला अभयारण्य आबाद हो चुका है। अब केंद्र सरकार ने रानीपुर टाइगर रिजर्व की घोषणा की है। यह इसी पाठा का अभिन्न हिस्सा होगा। अब रानीपुर वन्यजीव विहार बंदूकों की तड़तड़ाहट से नहीं, बाघों की दहाड़ से गूंजेगा। यह उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी पहल का नतीजा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गठित उत्तर प्रदेश राज्य वन्यजीव बोर्ड ने रानीपुर को प्रदेश का चौथा टाइगर रिजर्व बनाने की परियोजना को मंजूरी देते हुए आदिवासी बहुल गांव बहिलपुरवा में रेस्क्यू सेंटर बनाने की घोषणा की थी। करीब 600 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र के रानीपुर वन्यजीव विहार के जंगल की देखरेख अब तक मीरजापुर का कैमूर वन्यजीव प्रभाग करता था। अब यहां की देखरेख चित्रकूट वन प्रभाग करेगा। टाइगर रिजर्व अधिसूचना जारी होने की पहली सूचना केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्वीट कर२२ दी। रानीपुर टाइगर रिजर्व भारत का 53 वां टाइगर रिजर्व है। प्रभागीय वनाधिकारी आरके दीक्षित खुशी जाहिर करते हुए कहते हैं कि इस रिजर्व में तपोभूमि के पूरे जंगल चित्रकूट वन प्रभाग से समाहित हो गए हैं। प्रभागीय वनाधिकारी ही इस रिजर्व का उप निदेशक होगा। भूपेंद्र यादव ने इसे बाघ संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल करार दिया है। यहां सबसे महत्वपूर्ण यह है कि रानीपुर देश का एकमात्र रिजर्व है जिसमें एक भी बाघ का स्थाई निवास नहीं है। बावजूद इसके यह बाघों की आवाजाही का महत्वपूर्ण गलियारा है। यह मध्य प्रदेश के बाघों के लिए आदर्श आवाजाही और पड़ाव मार्ग है। रानीपुर वन्यजीव विहार की स्थापना 1977 में हुई थी। इसका मकसद स्थानीय स्तर पर विचरण वाली वन्यजीव आबादी को सुरक्षित स्थान देना और अपनी तरह के अनोखे वन क्षेत्र की संरक्षण करना था। अब बाघों को मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में पानी भरने की स्थिति में चित्रकूट की पहाड़ियों में सुरक्षित और स्थायी निवास मिल सकेगा। इसकी वजह यह है कि यह पूरा इलाका ऊष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन है। यहां बड़े संख्या में भालू, चित्तीदार हिरण, सांभर, चिंकारा के अलावा तेंदुए आदि विचरण करते हैं। भारत में पिछले दो दशक से बाघ संरक्षण पर ठीक-ठाक काम हुआ है। संभवतः इसी का नतीजा है कि देश में पिछले आठ साल में बाघों की संख्या दोगनी हो गई है। हाल ही में हुई बाघों की गणना में यह साफ हुआ है। इस समय देश में बाघों की संख्या 2967 है। यह विश्व की बाघों की आबादी का 75 फीसद है। इस बाघ गणना को अपने अनोखे अंदाज और प्रमाणिकता के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। देश में 1973 में सिर्फ नौ टाइगर रिजर्व थे। अब इनकी संख्या 53 है। इस समय मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 526 बाघ हैं। यह संख्या देश के किसी भी राज्य के मुकाबले सबसे अधिक है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के बन जाने से पन्ना टाइगर रिजर्व के बाघों को विचरण के लिए लंबा विस्तार मिलेगा और उन्हें संरक्षित करने में मदद मिलेगी। बाघ संरक्षण के लिए केंद्र सरकार भी कुछ ज्यादा गंभीर नजर आ रही है। तभी तो बजट आवंटन में बाघ संरक्षण के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। रानीपुर रिजर्व के पांच किलोमीटर दायरे में करीब 1.19 लाख की आबादी है। इसमें 60 फीसदी अनुसूचित जाति के हैं। यहां के जंगलों में तेंदू पत्ता, जड़ी बूटी, आंवला, बेल, महुवा आदि की पैदावार अधिक होती है। इस रिजर्व के आसपास मरविया देवी मंदिर, बेधक, धारकुंडी आश्रम, हनुमान धारा, सती अनसुइया आश्रम हैं। रानीपुर टाइगर रिजर्व का निदेशालय चित्रकूट जिले के मुख्यालय कर्वी में होगा।

भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या है जिसकी जड़ें काटने के लिए हर देश अपने अपने स्तरपर नीतियां रणनीतियां बनाकर एक्शन मोड में काम कर रहे हैं, परंतु हम अगर भारत में देखें तो पिछले कुछ वर्षों से भ्रष्टाचार रूपी समृद्ध घने पेड़ की एक्शन मोड में अनेक नीतियां रणनीतियां कार्यक्रम बनाकर उसका खाद पानी बंद कर जड़े काटने के लिए काम किए जा रहे हैं, जिसका सबसे अच्छा उदाहरण डीबीटी, डिजिटल इंडिया और अब भारतीय मुद्रा का डिजिटलीकरण लेकर आना याने ई रुपया। मेरा मानना है कि अब तकनीकी अनेक उपाय किए गए हैं अब सीवीसी और ईडी जैसी एजेंसियों को एक रणनीति के तहत शासकीय कर्मचारियों पर टॉप टू बॉटम या बॉटम टू टॉप नीति के तहत उनकी आर्थिक उपलब्धियों स्थितियों पर एक विशेष गुप्त जांच अभियान चलाना जरूरी है कि एक सामान्य बाबू का रहन-सहन इतना उच्चस्तरीय क्यों? उनके बच्चों और अन्य सदस्यों पर इतना खर्चा और सुविधाओं का उपभोग कैसे होता है? एक सभा में माननीय पीएम ने कहा था एक बाबू का बड़ी सिटी में गुप्त या अघोषित महंगा प फलेट कैसे? की जांच होगी इत्यादि बातों को गुप्त जांच कर सबूत जुटाकर उनपर कार्यवाही की जाए तो भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस स्थिति आने में देर नहीं लगेगी! चूंकि माननीय पीएम ने सीवीसी के विकसित भारत के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संकल्प पर मनाए जा रहे सतर्कता सप्ताह पर यह संकल्प आज के समय की मांग है।

श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में डुबकी लगा किया दीपदान

रंग-बिरंगी रोशनी से सजा रहा रामघाट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। छोटी दीपावली मेला में लाखों श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर रामघाट में दीपदान किया। इससे मंदाकिनी नदी रोशनी के बीच हिलोरे मारने लगी। रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर धर्मनगरी में दीपदान के लिए श्रद्धालुओं का रेला लगा।

शुक्रवार को छोटी दीपावली पर्व पर लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में स्नान कर मत्स्यगयेन्द्रनाथ शंकर भगवान का जलाभिषेक कर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा की। इसके बाद चित्रकूट परिक्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन करने पहुंचे। यूपी-एमपी सीमा पर बसी

धर्मनगरी में लगने वाले मेले में श्रद्धालु बसों और निजी वाहनों से धर्मनगरी आए। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर भारी भीड़ लगी रही।

मेले में भीड़ को संभालने में अधिकारियों को खासी मेहनत करनी पड़ी। मेला क्षेत्र में चारो तरफ श्रद्धालुओं का जत्था ही जत्था दिखाई दिया।

जय श्री राम से धर्मनगरी गुंजायमान हो गई। श्रद्धालुओं ने बांस की बनी चैखट में एक साथ सैकड़ों दीपों को रखकर नदी में दीपदान किया। यूपी-एमपी क्षेत्र के पंचकोसी दीपदान मेला क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया गया। खास कर रामघाट में नजारा शाम से अद्वितीय नजर आता है, जहां पर एक दूसरे को धक्का-मुक्की करते हुए मंदिर तक पहुंचे और कामदगिरि की परिक्रमा लगाई।

जमीन कब्जा पर वन विभाग व आदिवासियों में हुई नोंकझोंक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर पाठा के कोल आदिवासियों और वन विभाग के बीच भूमि को लेकर विवाद खड़ा हो गया। आदिवासियों का आरोप है कि भूमि में उनके पूर्वज कई पीढ़ियों से खेती कर रहे हैं, लेकिन उसी भूमि को वन विभाग अपनी जमीन बता रहा है। आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि वन विभाग भूमि हड़पना चाहता है।

शुक्रवार को मानिकपुर थाना क्षेत्र के निही ग्राम पंचायत के गोबरहाई के आदिवासी समाज के लोग अपने खेतों की सफाई कर रहे थे, तभी वन विभाग द्वारा दखल देने पर दोनों के बीच लंबी नोंकझोंक हुई। मामला लगातार गरमाता रहा। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी मानिकपुर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को हटाने की कोशिश की। लामबंद आदिवासियों ने उस जगह पर अपना हक जमाते हुए अड़ गए। झगड़ा शांत न होने पर वन विभाग ने पुलिस बल की सहायता से आधा दर्जन आदिवासियों को पकड़ लिया और थाने ले गई। जहां मानिकपुर थाने में वन अधिनियम के तहत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। उधर, आदिवसी रामभवन, कामता, मैका, बेलपतिया, चमेलिया, कमलेशिया आदि ने बताया कि पीढ़ियों से यहां हमारा कब्जा है। हमारे पूर्वज हमेशा से यहां खेती करते हैं। इसलिए इस जमीन पर हमारा कब्जा है। हम यहां कोई पेड़ों की कटाई नहीं कर रहे हैं। सिर्फ उजाड़ की साफ-सफाई की है। कहा कि दशकों पहले हमारे जमीन के पट्टे बने थे, लेकिन आज तक नापकर हमें नहीं बताया गया। आदिवासियों का आरोप है कि समाज की महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की गई है। आदिवासियों ने उच्चाधिकारियों को मामले की लिखित शिकायत की है। वहीं वन क्षेत्राधिकारी मानिकपुर ने इस बात से इंकार किया है। उनका कहना है कि जमीन पर आदिवासियों का नहीं, बल्कि विभाग का हक है।

आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रभारी घोषित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आम आदमी पार्टी ने आगामी नगर पालिका व नगर पंचायत चुनाव के प्रभारियों की घोषणा प्रांत अध्यक्ष विवेक जैन की सहमति के बाद जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला ने किया।

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ल ने नगर पालिका कर्वी के चुनाव प्रभारी संजय करवरिया एड, नगर पंचायत मऊ के चुनाव प्रभारी संतोष त्रिपाठी, राजापुर में चुनाव प्रभारी सन्तोष कुमार गुप्ता उर्फ मंटू व नगर पंचायत मानिकपुर में चन्द्रभाल पाण्डेय को बनाए। जिलाध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को आम आदमी पार्टी की जीत के लिए बनायी रणनीति की जानकारी दी।

उन्होंने ईमानदार राजनीति को आगे बढ़ाने की कामना के साथ नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दी है।

यातायात माहः नशे में गाड़ी चलाया तो खैर नहीं

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। यातायात माह के तहत यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव एवं यातायात पुलिस ने शहर में स्कूली वाहन, दो व चारपहिया वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग दौरान स्कूली वाहनों में सुरक्षा जाली, फर्स्ट एड बॉक्स, फिटनेस, अग्निशमन यंत्र, ओवरलोड देखा गया। जिन वाहनों में सुरक्षा जाली नही लगी, उन वाहन चालकों को सुरक्षा जाली लगवाने के निर्देश दिये।

वहीं मालवाहक वाहनों में सवारियां ले जाने वाले तीन वाहनों का चालान किया गया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात शिव प्रकाश सोनकर व यातायात प्रभारी योगेश यादव अपनी टीम के साथ वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक सतर्कता के साथ यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के निर्देश दिये। दो व चारपहिया वाहन चेकिंग दौरान जिन वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नही लगी थी, उन्हें लगवाने के निर्देश दिय। बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोड सवारी, बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट व यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों का ई-चालान किया गया।

यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने बेड़ीपुलिया चैराहा पर दो व चारपहिया वाहनों में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की। वाहन चालकों का ब्रेथ एनलाइजर मशीन से टेस्ट किया गया। चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने को जागरूक किया।

समाज में फैली कुरीतियां मिटे और भाईचारा बढ़ेः शानू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कस्बे की सेवा बस्तियों में बच्चों को प्रोत्साहन के लिए समाजसेवी शानू गुप्ता ने खेलकूद की सामग्री का वितरण कर स्थानीय लोगों की समस्यायें सुनीं। साथ ही उनकी समस्याओं के जल्द निस्तारण को आश्वासन दिया।

शुक्रवार को समाजसेवी शानू गुप्ता ने भैरोपागा, मलिन बस्ती, गोकुलपुरी आदि मोहल्लों में जाकर स्थानीय लोगों से भेंटकर उनकी समस्यायें सुनकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। वहीं सैकड़ों बच्चों को लेखन सामाग्री आदि का

निःशुल्क वितरण किया। समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि मैंने अपना सम्पूर्ण जीवन जरूरतमंद की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। किसी भी प्रकार के संकट पर मुझे याद करें। बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हें प्रोत्साहित करना हम सब की जिम्मेदारी है। समाज में फैली कुरीतियां मिटे और भाईचारा बढ़े। इस मौके पर चंद्रिका मिश्रा, डॉ, गोविन्द त्रिपाठी, सुनील निषाद, बच्चा, रामसनेही निषाद, अमित गुप्ता, प्रभाकर चैधरी, कमल किशोर कुशवाहा, कक्का कुशवाहा, रवि नामदेव, भारत भूषण, सुशील पाण्डेय, रावेंद्र विश्वकर्मा, मोहन निषाद, अनिल आदि लोग व बच्चे मौजूद रहें।

मेन्यू से बच्चों को दूध, केला व दलिया देंः डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। डीएम अभिषेक आनंद ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मरीज पर्ची का रजिस्ट्रेशन, कोविड-19 हेल्प डेस्क सेंटर, एनेस्थेटिस्ट, अल्ट्रासाउंड कक्ष, शिशु एवं बाल रोग कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, मॉडल एंटी रैबीज क्लीनिक कक्ष, हड्डी प्लास्टर कक्ष, सर्जरी कक्ष, नाक-कान-गला कक्ष, ईएनटी कक्ष, सर्जन कक्ष, बाल रोग विशेषज्ञ कक्ष, स्त्री रोग विशेषज्ञ कक्ष, अटेंडेंस रजिस्टर, ईसीजी और बीपी कक्ष, इमरजेंसी डॉक्टर कक्ष, आकस्मिक शैल्य क्रिया कक्ष, पट्टी कक्ष, नवजात शिशु कक्ष, एक्सरे कक्ष, जच्चा-बच्चा वार्ड, जन्म

प्रमाण पत्र कक्ष, प्राइवेट कक्ष, भोजनालय, दवा स्टोर, पुरुष वार्ड 1, 2, 3, 4, 5 व 6 कक्ष, सीटी स्कैन कक्ष, महिला वार्ड, औषधि वार्ड, पोषण पुनर्वास कक्ष, रसोई घर, ऑपरेशन थिएटर कक्ष, पैथोलॉजी विभाग, रक्तकोश, वाहय रोगी विभाग के अंतर्गत टीकाकरण, दंत चिकित्सक कक्ष, मानसिक रोगकक्ष, कुष्ठ रोग कक्ष आदि कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में डॉ ऋषि व डॉ ऊषा गुप्ता गैरहाजिर मिलने पर नाराजगी जताई। कहा तैनात चिकित्सक व स्टाफ के मोबाइल नंबर व नाम अंकित कराये जायें, जिससे मरीजों को असुविधा न हो। रजिस्ट्रेशन के पैसे को एक बाक्स में एकत्र करें।

शुक्रवार को डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर कुमार शर्मा से कहा कि डॉक्टर बाहर की दवा न लिखें। उन्होंने दवा स्टोर में जाकर दवाओं को देखा। स्ट्रक्चर की साफ-सफाई के निर्देश दिये। मरीज की बेडशीट गंदी नहीं रहनी चाहिए। जैसे ही मरीज आते हैं, उसको चेंज कराएं। टीवी हाल में लगी है वह हमेशा चालू रहे।

तहसील मऊ में बने पांच धान क्रय केंद्रः एसडीएम

किसानों को परेशानी होने पर होगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मऊ उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

शुक्रवार को एसडीएम नवदीप शुक्ला ने निरीक्षण के दौरान केंद्रों की व्यवस्थाएं देखीं। निर्देशित किया कि धान केंद्रों में धान की खरीद सही समय से हो। किसी को बरगलाने की कोशिश न की जाए। रजिस्टर भी दुरुस्त रखें। इसमें हर तरह की बात दर्ज की

जाए। बताया कि मऊ तहसील क्षेत्र में कुल पांच खरीद केंद्र बनाए गए हैं। ये मऊ, बरगढ़, रामनगर, खंडेहा, और बियावल हैं। एसडीएम ने निर्देश दिए कि जो भी किसान धान लेकर आये, उनकी सही समय से खरीद्दारी हो। इसमें क्रम का भी ध्यान रखा जाए। केंद्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कहा कि शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही मिलने पर पद से हटाने जैसी ठोक कार्रवाई भी की जाएगी।

स्टेडियम में आने और हमारा समर्थन करने के लिए प्रशंसकों का आभारी हूं : फज़ल अतरचली

पुणे। वीवो प्रो कबड्डी लीग सीज़न 9 के मैचों ने पुणे के दर्शकों को काफी रोमांचित किया है और अभी अगले दो हफ्ते और पुणे वासियों को श्री शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी में और रोमांच देखने को मिलेगा।

विवो प्रो कबड्डी लीग के दूसरे सप्ताह से पहले, विवो पीकेएल के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने एक विशेष सम्मेलन आयोजित किया। 12 टीमों में से प्रत्येक के प्रतिनिधि और अनुपम गोस्वामी (हेड स्पोर्ट्स लीग, मशाल स्पोर्ट्स एंड लीग कमिश्नर, विवो प्रो कबड्डी लीग) भी सम्मेलन में शामिल हुए।

पुनेरी पलटन के कप्तान फज़ल अतरचली ने पुणे प्रशंसकों के लिए एक विशेष संदेश दिया, उन्होंने कहा, हमने पिछले तीन वर्षों में प्रशंसकों को बहुत मिस किया है। हमारे लिए फिर से प्रशंसकों के सामने खेलना बहुत दिलचस्प है। प्रशंसकों के बिना खेल का कोई मतलब नहीं है। हम बेहतर खेलते हैं जब प्रशंसक हमारे लिए जयकार करते हैं और वे हमें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। स्टेडियम में आने और हमारा समर्थन करने के लिए मैं प्रशंसकों का आभारी हूं।

यू मुंबा के कप्तान सुरिंदर सिंह ने विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 के पांचवें सप्ताह से पहले अपनी टीम की ताकत के बारे में बात

की, उन्होंने कहा, हमारी रक्षा हमारी मुख्य ताकत है। लेकिन, अब हमारे रेडर भी अच्छा कर रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत में, हमारे रेडर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे थे, लेकिन अब, उन्होंने भी अपने खेल को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है। विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 पुणे में पहुंच चुके दिलचस्प मोड़ के बारे में अनुपम गोस्वामी ने कहा, 'अगले 35-40 मैच बहुत महत्वपूर्ण होने वाले हैं। और इस दौरान 9-10 टीमों के भाग लेने के साथ, अंक तालिका में बहुत अधिक हलचल होने वाली है।

विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 बहुत प्रतिस्पर्धी रहा है और युवा प्रतिभाओं के उभरने को देखकर बहुत अच्छा लगा। जयपुर पिंक पैंथर्स के अंकुश, बेंगलुरू बुल्स के भरत और तमिल थलाइवाज के नरेंद्र अपने प्रदर्शन से लगातार आग लगा रहे हैं। विवो प्रो कबड्डी लीग के खिलाड़ी अगली बार एक्शन में तब दिखाई देंगे जब पटना पाइरेट्स का सामना यू मुंबा से, दबंग दिल्ली के.सी. का सामना जयपुर पिंक पैंथर्स से और यू.पी. योद्धा का सामना पुनेरी पलटन से होगा। विवो पीकेएल सीजन 9 पुणे लेग 28 अक्टूबर 2022 से 16 नवंबर 2022 तक श्री शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी में आयोजित किया जा रहा है।

सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचकर हिमाचल ने रचा इतिहास

धर्मशाला। हिमाचल क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। पहली बार सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के क्वालीफाई करने वाले हिमाचल ने फाइनल तक का सफर बिना कोई मैच हारे तय किया है। कोलकाता के इडन गार्डन में खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में हिमाचल ने पंजाब की टीम को 13 रनों से शिकस्त देकर यह इतिहास रचा है। अब पांच नवम्बर को फाइनल में हिमाचल का मुकाबला मुबंई और सौराष्ट्र के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम के साथ होगा। इससे पूर्व हिमाचल ने पहली बार नॉकआउट रांउड के लिए क्वालीफाई किया था। ग्रुप-डी के लीग दौर में एचपीसीए की टीम के पहले दो मैच रद्द हो गए थे जबकि

टीम ने शेष सभी मैच जीतकर नॉकआउट रांउड में अपनी जगह पक्की की थी।

एचपीसीए ने लीग रांउड में बिहार, सौराष्ट्र, बड़ौदा और नागालैंड के खिलाफ मैच खेले थे जिनमें सभी मैचों में टीम को जीत हासिल हुई है। हिमाचल की टीम ने एक नवंबर को क्वार्टरफाइनल मैच में बंगाल की टीम को चार रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। खेले गए सेमीफानल मैच में हिमाचल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 176 रन बनाकर पंजाब को जीत के लिए 177 रनों का लक्ष्य दिया था लेकिन पंजाब की टीम लक्ष्य से 13 रन पीछे रह गई।

उधर इस उपलब्धि के लिए एचपीसीए की ओर से एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी सिंह ने खिलाड़ियों सहित स्टाफ सदस्यों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एचपीसीए के लिए यह बड़े गर्व का समय है। पहली बार इस प्रतियोगिता के लि क्वालीफाई करने वाली हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने टीम के खिलाड़ियों को फाइनल मैच के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज को बनाया सहायक कोच

चंडीगढ़। पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को फ्रेंचाइजी का सहायक कोच नियुक्त किया है। रिपोर्ट के अनुसान हैडिन टीम में फील्डिंग कोच की भूमिका भी निभाएंगे। इसके अलावा पंजाब किंग्स ने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर चार्ल लैंगवेल्ट को बतौर गेंदबाजी कोच फ्रेंचाइजी में शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स ने हाल ही में टीम के शीर्ष पदों पर कई बड़े बदलाव किये हैं। फ्रेंचाइजी ने बीते सितंबर अनिल कुंबले की जगह ट्रेवर बेलिस को मुख्य कोच नियुक्त किया, जबकि बुधवार को शिखर धवन को टीम की कप्तानी सौंपी गई। क्रिकबज़ के अनुसार कप्तानी और कोचिंग स्टाफ में हुए बदलावों में बेलिस की भूमिका रही है। क्रिकबज ने फ्रेंचाइजी के सह मालिक नेस वाडिया के हवाले से कहा, 'बोर्ड और मुख्य कोच ने महसूस किया है कि यह दिशा और नेतृत्व में बदलाव का समय है। यह महसूस किया गया कि शिखर राष्ट्रीय कप्तान (एकदिवसीय टीम के) होने के नाते आने वाले सत्र में टीम का नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति हैं।

बेंजामिन नेतन्याहू की जीत के साथ इजरायल की सत्ता में वापसी

यरूशलम। इजरायल में आशा के अनुरूप एक बार फिर बेंजामिन नेतन्याहू सहयोगी दलों के साथ जीतकर पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने जा रहे हैं। हाल ही में हुए चुनाव में वर्तमान प्रधानमंत्री यायर लैपिड को करारी हार का मुंह देखना पड़ा। नेतन्याहू की राष्ट्रीय चुनावों में जीत पर कार्यवाहक प्रधानमंत्री लैपिड ने बधाई देते हुए हार स्वीकार कर ली है।

प्रधानमंत्री लैपिड के कार्यालय से जारी एक बयान में बधाई देते हुए सत्ता हस्तांतरण की बात कही गई।

बेंजामिन नेतन्याहू और पीएम मोदी के रिश्ते काफी अच्छे रहे हैं और दोनों को एक-दूसरे का अच्छा दोस्त भी माना जाता है।

नेतन्याहू इजरायल के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री

रहे हैं, जिन्होंने लगातार 12 वर्षों तक और कुल मिलाकर 15 साल तक देश पर शासन किया। उन्हें पिछले साल अल्पमत आने के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। अभी तक चुनाव के अंतिम आंकड़ें जारी नहीं किए गए हैं।

इजरायल में राष्ट्रीय चुनाव के करीब 91 फीसदी मतपत्रों की गिनती के साथ बेंजामिन नेतन्याहू नीत दक्षिणपंथी गुट ने 120 सदस्यीय संसद में 65 सीटों पर जीत हासिल कर बहुमत हासिल कर लिया। इसके साथ ही नेतन्याहू की सत्ता में वापसी का रास्ता साफ हो गया। केंद्रीय निर्वाचन समिति के आंकड़ों के अनुसार, नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 32 सीट, प्रधानमंत्री यायर लैपिड की येश अतीद को 24, रिलीजियस जियोनिज्म को 14, नेशनल यूनिटी को 12, शास को 11 और यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म को आठ सीटें प्राप्त हुई हैं। इजरायल में पिछले कई चुनावों से किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। इजराइल में पिछले चार चुनाव में किसी को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला। कई बार गठबंधन कुछ सीटों के कम रहने के कारण सरकार बनाने से चूक गए।

उत्तर कोरिया के मिसाइल दागने से अमेरिका खफा, दुनिया से पाबंदी की अपील

वाशिंगटन। उत्तर कोरिया द्वारा अचानक एक साथ कई मिसाइल दागने से अमेरिका खफा हो गया है। अमेरिका ने आक्रोश व्यक्त करते हुए दुनियाभर से उत्तर कोरिया पर पाबंदी लगाने को कहा है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रीन वाटसन ने कहा कि उत्तर कोरिया ने मिसाइल दाग कर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों की अवहेलना की है। इस कारण दुनियाभर के देशों को उत्तर कोरिया पर कठोर प्रतिबंध लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइल परीक्षण किये जाने की अमेरिका कड़ी निंदा करता है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी सुरक्षा टीम अपने सहयोगियों के साथ स्थिति का समग्र आकलन कर रही है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया द्वारा 23 मिसाइल दागने के बाद एक दक्षिण कोरियाई द्वीप पर हवाई हमले के सायरन बजाए गए और लोगों को भूमिगत बंकरों में ले जाया गया। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने आपातकालीन मिसाइल दागने के बाद अलर्ट जारी कर दिया था। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने उनमें से एक मिसाइल के अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल होने की बात भी कही।

उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई मिसाइल में कम से कम एक की दिशा एक दक्षिण कोरियाई द्वीप की ओर थी। वहीं दक्षिण कोरिया ने भी जवाबी कार्रवाई के तहत उसी सीमा क्षेत्र में अपनी मिसाइल दागी। इससे कुछ घंटे पहले ही उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका के बीच चल रहे सैन्य अभ्यास के विरोध में दोनों देशों को धमकी दी थी कि उन्हें इतिहास में सबसे भयानक कीमत चुकानी पड़ सकती है। उत्तर कोरिया ने परमाणु हथियारों का उपयोग करने की भी धमकी दी थी।

भारत ने आतंकियों को पनाह देने वालों पर निशाना साधा, रूस के 'डर्टी बम' के दावे का नहीं मिला सबूत

संयुक्त राष्ट्र । संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बिना भारत ने आतंकियों को पनाह देने वालों पर निशाना साधा। भारत ने कहा कि उन लोगों को बुलाएं, जो आतंकियों को सुरक्षित आश्रय मुहैया कराते हैं। उन्हें बुलाएं, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रतिबंधों सहित उनके बचाव में आते हैं। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने घाना की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भाग लेते हुए यह बात कही। बैठक का विषय 'शांति स्थापना और स्थायी शांति' था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से उत्पन्न खतरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एकजुट आवाज की जरूरत है। हमें मेजबान राज्य के सुरक्षा बलों की क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए, वित्तीय संसाधनों तक आतंकवादी ताकतों की पहुंच रोकने के लिए हाथ मिलाना चाहिए और सामूहिक रूप से उन लोगों को बुलाना चाहिए जो आतंकवादियों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करते हैं। पिछले पांच महीनों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य चीन ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को नामित करने के भारत और अमेरिका के कई प्रस्तावों में बाधा डाली है।

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने कही यह बात-इस बीच संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने कहा कि उसके निरीक्षकों को रूस के इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला कि यूक्रेन मास्को पर दोष मढ़ने के इरादे से एक रेडियोधर्मी 'डर्टी बम' बना रहा और विस्फोट करने वाला है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि यूक्रेन सरकार के अनुरोध पर निरीक्षणों में अघोषित परमाणु गतिविधियों और सामग्रियों का कोई संकेत नहीं मिला। एजेंसी ने कहा कि उसके विशेषज्ञों ने यूक्रेन में तीन स्थानों पर निरीक्षण किया और उन्हें उन जगहों तक निर्बाध पहुंच प्रदान की गई।

इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्यों को लिखे एक पत्र में दावा किया था कि यूक्रेन की परमाणु अनुसंधान सुविधा और खनन कंपनी को इस तरह के डर्टी बम को विकसित करने के लिए राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से आदेश प्राप्त हुए थे। यूक्रेन ने इन आरोपों का खंडन किया था।

रोम में गली में शोर होने पर कर दी युवक की हत्या

रोम। इटली की राजधानी रोम में गली में ज्यादा शोर मचने पर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। अधिकारियों के मुताबिक इतालियन एवरिस्टो स्कानेक्यो (63)ने गली में अधिक शोर करने पेरू के जेवियर अल्फ्रेडो रोमेरो मिरांडा (41) को तीर मारकर मौत के घाट उतार दिया। मेयर जियोवानी टोटी ने कहा है कि हत्यारोपित दो बच्चों का पिता है। वह दक्षिण अमेरिकी साथियों के साथ अपने बच्चे का जन्मदिन मना रहा था। जन्मदिन हैलोवीन के ठीक एक रात पहले था। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि धनुष उठाने से पहले हत्यारोपित को नस्लीय गाली देते सुना गया।

बाइडन प्रशासन ने सीनेट से की भारत में राजदूत के नाम की पुष्टि करने की मांग, एक साल से लंबित है नियुक्ति

वाशिंगटन। भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में लॉस एंजेलिस के मेयर एरिक गार्सेटी की नियुक्ति का मामला अब तक अटका पड़ा है। इस बीच व्हाइट हाउस को ओर से अमेरिकी संसद से गार्सेटी के नाम पर जल्द मुहर लगाने की मांग की गई है।

बता दें, बाइडन प्रशासन ने जुलाई, 2021 में भारत के अगले राजदूत के रूप में गार्सेटी के नामांकन की घोषणा की थी। हालांकि, अमेरिकी संसद की ओर से अभी तक उनके नाम की पुष्टि होना बाकी है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कैरीन जीन-

पियरे ने इस मुद्दे पर पत्रकारों को बताया, हम गार्सेटी के नाम पर मुहर लगाए जाने की मांग जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, भारत के राजदूत के रूप में गार्सेटी की नियुक्ति बाइडन प्रशासन की प्राथमिकता है।

एक साल से लंबित है पुष्टि

बता दें, गार्सेटी की सीनेट से पुष्टि होना बीते एक साल से लंबित है। उन पर एक वरिष्ठ कर्मचारी द्वारा अनुचित व्यवहार का आरोप लगा है। यही कारण है कि रिपब्लिकन सीनेटर चक ग्रासली ने उनके नामांकन का शुरू में विरोध किया था। हालांकि, बाद में गार्सेटी के नामांकन पर से रोक हटा ली गई थी। राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले साल जुलाई में गार्सेटी को नामांकित किया था। यदि सीनेट (उच्च सदन) में उनके नाम पर मुहर लग जाती है तो 50 वर्षीय गार्सेटी पूर्ववर्ती ट्रंप प्रशासन के दौरान भारत में अमेरिकी राजदूत रहे केनेथ जस्टर की जगह लेंगे।

गेल का दूसरी तिमाही में मुनाफा 46 फीसदी घटकर हुआ 1,537 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस उत्पादक कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। गेल को मुनाफा दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 46 फीसदी घटकर 1,537.07 करोड़ रुपये रह गया। गेल इंडिया ने शेयर बाजार को शुक्रवार को दी जानकारी में बताया कि 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 46 फीसदी घटकर 1,537.07 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी को एक साल पहले की समान तिमाही में 2,862.95 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इससे पहले अप्रैल-जून की पहली तिमाही में कंपनी को 2,915.19 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि दूसरी तिमाही में गेल का प्राकृतिक गैस विपणन कारोबार से राजस्व करीब दोगुना हो गया, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण गैस की कीमतें बढ़ने से मुनाफा कमाने की क्षमता घट गई।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माघव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

तेज हवा में डगमगाते प्लेन को तिरछा करके लैंड कराया,पायलटों ने क्रॉस विंड लैंडिंग कराई, हो रही तारीफ, यूके की घटना

यूके। यूके में खराब मौसम के बीच एक प्लेन को बेहद खतरनाक कंडीशंस में लैंड कराया गया। इसके पहले प्लेन को लैंड कराने के लिए पायलट संघर्ष करते रहे। इसका एक वीडियो सामने आया है। इसमें औरिगने ATR72-600 प्लेन आसमान में तेज हवाओं के बीच डगमगाते हुए देखा जा सकता है। बाद में पायलट्स ने प्लेन को तिरछा कर ब्रिस्टल एयरपोर्ट पर लैंड करा लिया।

जब प्लेन ब्रिस्टल एयरपोर्ट पर उतरने का प्रयास कर रहा था, तभी बरसात और तेज हवाओं के कारण वह डगमगाने लगा। इसके चलते लैंडिंग में पायलटों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। रनवे पर पहुंचने पर भी विमान स्टेबल नहीं हो पा रहा था। लेकिन पायलटों ने अपनी तकनीक से कुछ सेकंड के बाद प्लेन को लैंड करा लिया।

तूफान बारिश का था यलो अलर्ट

बताया जा रहा है कि यूके में तूफान, बारिश और तेज हवा के कारण एयरपोर्ट पर डराने वाली स्थिति बन गई थी। जब प्लेन लैंडिंग कर रहा था, तब हवा 44 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चल रही थी। मौसम विभाग ने भी अलर्ट जारी किया था। दक्षिणी

स्कॉटलैंड में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक और उत्तरी आयरलैंड में सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया था। पहले भी हो चुका है।

क्या होती है क्रॉसविंड

प्लेन के उड़ने की दिशा के परपेंडिकुलर चलने वाली तेज हवाओं को क्रॉसविंड कहा जाता है। ये हवाएं प्लेन को लैंडिंग के समय रनवे से भटका सकती हैं जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा रहता है। आमतौर पर ऐसी स्थितियों में विमान लैंड नहीं कराए जाते केवल इमरजेंसी या फ्यूल कम होने पर ही लैंडिंग कराई जाती है।

लंदन में भी हो चुकी घटना

बता दें कि इस साल फरवरी में लंदन का एक ऐसा ही दिल दहला देने वाला वीडियो वायरल हुआ था। इसमें प्लेन के पहियों ने दो बार जमीन को छुआ और वह फिर से उड़ने लगा।

वीडियो के आखिर में देखा जा सकता है कि प्लेन ने जमीन को पूरी तरह छू लिया था, जिसके चलते प्लेन पलट भी सकता था, लेकिन पायलट ने समझदारी दिखाते हुए विमान को ऊपर उड़ा लिया, जिससे लोगों की जान बच सकी।

इमरान खान पर हमले के विरोध में पाकिस्तान में प्रदर्शन

-हालात बिगड़ने की आशंका, मुल्क की बागडोर सेना को सौंपे जाने का आसार

इस्लामाबाद। हकीकी आजादी मार्च में की गई फायरिंग से घायल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री और इमरान खान की हालत में पहले से सुधार है। हुई इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पीटीआई के सांसद फैसल जावेद समेत 13 अन्य घायल हो गए। इस हमले के विरोध में इमरान के समर्थकों ने देशभर में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस बीच हालात बिगड़ने पर देश की बागडोर सेना को सौंपने के विकल्पों पर सरकार विचार कर रही है। पाकिस्तान में हालात बिगड़ने की आशंका जताई

जा रही है। यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि पाकिस्तान में आगे क्या होने वाला है? कैसे शहबाज शरीफ की सरकार इस हालात को नियंत्रित कर पाएगी और इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं? 'डॉन न्यूज' के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री के दोनों पैरों में तीन गोलियां लगी थीं, जिन्हें सर्जरी कर निकाल दिया गया है। हमलावर को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। इमरान की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। इस बीच इस्लामिक सहयोग संगठन ने कहा है कि वह सुरक्षा और स्थिरता के लिए किसी भी खतरे के खिलाफ इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के साथ खड़ा है। उधर, इमरान खान को गोली लगने के बाद मुल्क में माहौल गरम हो गया है। पाकिस्तान में अब आने वाले कुछ दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। इमरान खान के समर्थक और उग्र हो सकते हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों का कहना है कि पाकिस्तान में मौजूदा हालात को देखते हुए सेना के हाथों में पूरी कमान सौंपी जा सकती है। पाकिस्तान मार्शल लॉ और इसी तरह के कुछ और उपायों की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है।

पुतिन ने मित्र देशों के बीच उड़ानें बढ़ाने का दिया आदेश, रूस से श्रीलंका के बीच चार्टर एयरलाइन शुरू

मास्को। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मास्को और मित्र देशों के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया है। वहीं गुरुवार को रूस ने श्रीलंका के लिए चार्टर एयरलाइन सेवाएं फिर से शुरू कीं। कोलंबो स्थित रूसी दूतावास ने इसकी जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अज़ूर एयर का एक विमान 335 यात्रियों के साथ यहां भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। रूसी दूतावास ने एक ट्वीट में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस सरकार को रूस और मित्र देशों के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया। वहीं श्रीलंका के पर्यटन मंत्री हारिन फर्नांडो ने ट्विटर लिखा कि स्विट्जरलैंड की राष्ट्रीय एयरलाइन, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स, 10 नवंबर से साप्ताहिक उड़ानों के साथ श्रीलंका के लिए परिचालन फिर से शुरू करने वाली है। पिछले महीने, रूस के प्रमुख वाहक एअरोफ्लोत ने श्रीलंका के लिए वाणिज्यिक परिचालन फिर से शुरू किया, एयरलाइन द्वारा श्रीलंका लिए अपनी उड़ानों को निलंबित करने के चार महीने से अधिक समय बाद, यहां अधिकारियों ने एक कानूनी विवाद पर एक विमान को हिरासत में लिया था। रूस भारत और ब्रिटेन के बाद लगभग 51,300 आगमन के साथ श्रीलंका का तीसरा सबसे बड़ा पर्यटन स्रोत बाजार बना हुआ है। वहीं 1948 में ब्रिटेन से आजादी के बाद से श्रीलंका सबसे खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है। विदेशी मुद्रा खत्म होने से श्रीलंका पर आर्थिक संकट आन पड़ा है।

इमरान पर हमले की साजिश में पीएम शहबाज शरीफ, सनाउल्लाह और मेजर जनरल शामिल, पीटीआई नेता ने किया दावा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर सरकार विरोधी लॉन्ग मार्च के दौरान हुए हमले की देश ही नहीं पूरी दुनिया में चर्चा और निंदा दोनों हो रही है। वहीं इमरान की पार्टी के प्रमुख नेता असद उमर ने पार्टी प्रमुख पर हुए हमले की साजिश में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सनाउल्लाह और मेजर जनरल को साजिश में शामिल बताया है।

ज्ञात रहे कि इमरान खान के विरोध मार्च के दौरान उनके कंटेनर-ट्रक पर हमला किया गया जिसमें उनके पैर में गोली लगी थी, लेकिन वह खतरे से बाहर हैं। लाहौर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। इमरान के कंटेनर-ट्रक पर हमले में उनके पैर में गोली लगी है। इमरान को लाहौर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पार्टी के अधिकारिक

ट्विटर हैंडल पर अपना एक वीडियो साझा करते हुए असद उमर ने कहा कि इमरान खान ने उन्हें अस्पताल बुलाया और उनकी ओर से राष्ट्र के एक संदेश देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि पीटीआई चीफ ने हमले के पीछे तीन लोगों का नाम बताया है जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल शामिल है।

असद इमरान के हवाले से कहा कि उनका मानना है कि हमले में तीन लोग शहबाज शरीफ, राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल शामिल है। उन्हें पहले भी इस बात की जानकारी मिली थी जिसके आधार पर वो यह कह रहे थे। गोलीबारी की घटना में इमरान खान के अलावा और भी कई लोग घायल बताया जा रहे है। वहीं, हमले में एक व्यक्ति की मौत भी हुई है जिसे पीटीआई समर्थक बताया जा रहा है।इमरान खान पर हमले के बाद पाकिस्तान सरकार की ओर से एक बयान जारी किया गया है। जिसमें बताया गया कि पीएम शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान के गृह मंत्री को आईजीपी और पंजाब के मुख्य सचिव से घटना पर तत्काल रिपोर्ट मांगने का दिया है।

शरीफ ने ट्वीट किया कि मैं पीटीआई अध्यक्ष और अन्य घायल लोगों के स्वस्थ्य होने की दुआ करता हूं। संघीय सरकार सुरक्षा और जांच के लिए पंजाब सरकार को हर संभव सहायता देगी। मसीहा बनकर युवक ने बचाई इमरान की जान इमरान खान पर हमला करने वाले युवक की गिरफ्तारी के साथ ही पीटीआई प्रमुख को बचाने वाले एक युवक को मसीहा के रूप में सोशल मीडिया पर तारीफ मिल रही है। इस घटना के वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमलावर सीधा इमरान खान को निशाना बनाने की कोशिश करता है। इमरान खान उस दौरान अपने कंटेनर पर अन्य नेताओं के साथ खड़े थे और हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। तभी हमलावर ने बंदूक से निशाना लगाया। इतने में ही पीछे से आकर एक युवक ने उसका हाथ पकड़ लिया। हमलावर का निशाना चूक गया। हालांकि नीचे से गोली चलाने की वजह से पीटीआई नेताओं के पैर पर गोली लगी। इमरान खान के भी पैर में ही चोट आई। इमरान पर हमले का वीडियो वायरल हो रहा है और लोग इस शख्स की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मैं इस युवक को सलाम करती हूं जिसने अपनी जान की परवाह किए बिना इमरान की जान बचा ली। यह देश तुम्हारा आभारी है।

एक और यूजर ने लिखा, पाकिस्तान में जो कुछ हुआ यह शख्स उस घटना का हीरो है। उसने इमरान खान को मारने की साजिश नाकाम कर दी।देश और दुनिया भर के नेताओं ने इमरान खान पर हुए हमले की निंदा करते हुए उनके स्वस्थ्य होने की कामना की है।